प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

मंगलवार 02 जुलाई 2024

● वर्ष 02 ● अंक 143

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2023

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

न्यूज़ अपडेट

## RSS पर राज्यसभा में हंगामा : खड़गे बोले - फ़र के लोग मनुवादी है,इनकी विचारधारा खतरनाक

**नई दिल्ली** । राज्यसभा में मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीजेपी सरकार में नारा बना, चंदा दो, धंधा लो। चुनाव के दौरान इनकम टैक्स का नोटिस भेजा गया। कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए, सीबीआई, आईटी, ईडी का दुरुपयोग किया गयो सेंट्रल एजेंसियों का उपयोग पैसे वसुलने के लिए हुआ।

खड़गे ने RSS पर निशाना साधते हुए कहा कि RSS के लोग मनुवादी है। फ़र और बीजेपी मिलकर देश को तबाह करने का प्रयास कर रहे है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राष्ट्रपति संसद का सबसे अहम हिस्सा हैं, हम उनका सम्मान करते हैं। इस साल राष्ट्रपति का पहला अभिभाषण 31 जनवरी और दूसरा 27 जून को हुआ था। पहला अभिभाषण चुनावी और दूसरा उसकी कॉपी था। राष्ट्रपति के अभिभाषण में न तो कोई विजन और न ही कोई दिशा था। उनके अभिभाषण में दलित, अल्पसंख्यक वर्ग और पिछड़े वर्ग के लिए कुछ नहीं थो

## नए आपराधिक कानून 99 फीसदी कॉपी और पेस्ट,कुछ बदलाव असवैधानिक : पी चिदंबरम

नई दिल्ली । आज एक जुलाई से देश भर में भारतीय दंड संहिता (इंडियन पीनल कोड), दंड प्रक्रिया संहिता (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इंडियन एविडेंस एक्ट) की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो गए हैं। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरह से प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बीच केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कि आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। 90-99 प्रतिशत तथाकथित नए कानून कट, कॉपी और पेस्ट है, जो मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था। लेकिन इसे एक बेकार प्रक्रिया में बदल दिया गया। हां, नए कानूनों में कुछ सुधार लाए गए हैं और हमने उनका स्वागत किया है। इन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था।

# राहुल का दावा: भाजपा नेता 'हिंदू' नहीं

## प्रधानमंत्री बोले: हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय







- भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का राहुल गांधी ने आरोप लगाया।
- कांग्रेस नेता के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भाजपा के कुछ अन्य नेताओं ने अलग-अलग बिंदुओं को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तथा नेता प्रतिपक्ष पर सदन को गुमराह करने एवं गलतबयानी का आरोप लगाया।

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि ''ये लोग हिंदू नहीं हैं'', जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाये गए धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता।

उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अल्पसंख्यकों, मुसलमानों, सिखों एवं ईसाइयों को डराते हैं, उन हमला करते हैं और उनके खिलाफ नफरत फैलाते हैं, लेकिन अल्पसंख्यक इस देश के साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़ा रहा है और उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

कांग्रेस नेता के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भाजपा के कुछ अन्य नेताओं ने अलग-अलग बिंदुओं को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तथा नेता प्रतिपक्ष पर सदन को गुमराह करने एवं गलतबयानी का आरोप लगाया।

शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि राहुल गांधी द्वारा की गई बातों का सत्यापन किया जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष के रूप में किसी प्रस्ताव पर राहुल गांधी का सदन में यह पहला भाषण था।

सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक के बीच राहुल गांधी ने कहा, ''ये अहिंसा का देश है, ये डर का देश नहीं है। भगवान शिव कहते हैं- डरो मत, डराओ मत। वे अहिंसा की बात करते हैं। जो अपने आप को हिंदू कहते हैं कि वे 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं, नफरत की बात करते हैं। आप (भाजपा) हिंदू हो नहीं।'' उनका कहना था, ''हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए, सत्य से नहीं डरना चाहिए। अहिंसा हमारा प्रतीक है।''

इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल से कहा, ''आप नेता प्रतिपक्ष हैं। इसका ध्यान रखें कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे।''

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना...यह बहुत गंभीर विषय है।''

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, ''नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं वे हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''आपातकाल में पूरे देश को भयभीत किया गया। आपातकाल के समय वैचारिक आतंक था। दिल्ली में हजारों सिख भाइयों का कत्लेआम उनके (कांग्रेस) शासनकाल में हुआ।''

इस पर राहुल गांधी ने कहा, ''नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये ठेका भाजपा का नहीं है।''

सदन में भारी शोर-शराबे के बीच बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि उन्हें सदन में अपनी बात रखते समय पूरा ध्यान रखना चाहिए।





## भारत एक राष्ट्र और एक समाज है : भागवत

**गाजीपुर/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि ऊपर से कुछ भी दिखता हो लेकिन मातृभूमि भारत के प्रति प्रेम भक्ति सर्वत्र है और विविधताओं के बावजूद भारत एक राष्ट्र और एक समाज है। संघ प्रमुख ने 'परमवीर चक्र' से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उनके गाजीपुर स्थित गांव धामूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन पर लिखी किताब 'मेरे पापा परमवीर' का विमोचन किया। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के नायक रहे वीर अब्दुल हमीद को पाकिस्तान के पैटन टैंकों को ध्वस्त करने और दुश्मनों को खदेड़ने के लिए जाना जाता है। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

पुस्तक विमोचन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ''अब्दुल हमीद जैसे वीर हमारे लिये अनुकरणीय उदाहरण हैं। उन्होंने देश के लिये बलिदान दिया। जीवन कैसा होना चाहिये, यह हम ग्रंथों में पढ़ सकते हैं, भाषणों में सुन सकते हैं लेकिन ऐसा करने की हिम्मत तभी आती है जब कोई अपने जैसा यह हिम्मत करके दिखाये।''

संघ प्रमुख ने देश की सांस्कृतिक विविधता का जिक्र करते हुए कहा, ''हमारे देश में इतनी सारी भाषाएं हैं, इतना बड़ा देश है, बेहद प्राचीन परम्पराएं हैं। जब हर व्यक्ति के अपने-अपने विचार हैं तो पूजा, परम्परा, सम्प्रदाय तो अनेक होंगे ही।'' उन्होंने कहा, ''खान-पान, रीति-रिवाज भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार बदल जाते हैं। ये सारी विभिन्नताएं (विविधताएं) होने के बावजूद अपना देश हजारों वर्षों से एक राष्ट्र के रूप में चल रहा है और हम एक राष्ट्र तथा एक समाज हैं।''

## केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को दिल्ली उच्च न्यायालय में दी चुनौती



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) कथित घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दी गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताते की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद आरोपी केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने सीबीआई के अनुरोध पर शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### कविता की जमानत याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी।

## राहुल गांधी ने सदन में दिया हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय: बाबूलाल मरांडी

**रांची ।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिए गए हिंदू विरोधी बयान की कड़ी निन्दा की है।

श्री मरांडी ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफ़रती बताकर राहुल गांधी ने फिर से अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है।

कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का संसद भवन के अंदर ऐसा वक्तव्य देना बहुत ही गंभीर विषय है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अविलंब इस शर्मनाक हरकत के लिए पूरे देश से माफी मांगें।



कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधे हो चुके राहुल गांधी का यह बयान हिंदू धर्म के खिलाफ खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। कल तक इंडी एलायंस के नेता सड़कों पर हिन्दू धर्म को मिटाने की बात करते थे, लेकिन आज संसद के अंदर हिन्दू धर्म का अपमान कर राहुल गांधी और इंडी एलायंस की पूरी जमात ने अपने बर्बादी को निमंत्रण दे दिया है।

कहा कि देश की जनता इसका उचित जबाव देगी।

## इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतना सहने की ताकत है : हेमंत



**रांची।**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने पहली लाइन में लिखा है कि इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है। फिर अगली लाइन में लिखा है कि तानों के भी शोर में रहकर भी सच कहने की आदत है। सोरेन ने लिखा है कि मैं सागर से भी गह-रा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे, चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे, तुम मुझको कब तक रोकोगे। हेमंत सोरेन ने इस ट्वीट के जरिए इशारों में ही सारी बातें बयां कर दी है।

हेमंत सोरेन का ट्वीट इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है, तानों के भी शोर में रह कर सच कहने की आदत है मैं सागर से भी गहरा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे, चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रुकोगे।

# स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही पुरी की जा सकती है समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना : चंपई सोरेन

### मुख्यमंत्री के द्वारा ब्रह्मानंदम अस्पताल की कागल नगर यूनिट का उद्घाटन संपन्न

**जमशेदपुर।**

ब्रह्मानंदम हॉस्पिटल अब जमशेदपुर के निवासियों को अपनी सेवा दे सकेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है। अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब- जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अस्पताल के ओटी, चाइल्ड केयर यूनिट (एनआईसीयू ), महिला-पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया।

इस दौरान स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## नेशनल डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर को कालटू चक्रवर्ती ने किया सम्मानित

**घाटशिला।** नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव सनत कालटू चक्रवर्ती के द्वारा डॉ.एच. ए. हदी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।



श्री चक्रवर्ती ने कहा की डॉक्टरों को धरती में भगवान का रूप कहा जाता है जो दूसरे पेशेवर लोग होते हैं उनके काम का समय निर्धारित होता है परंतु डॉक्टरों के काम का समय असीमित होता है अगर रात के 12 बजे भी किसी मरीज़ को कोई परेशानी होती है उस वक्त भी डॉक्टर्स इलाज करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं समाज के प्रति डॉक्टरों के कर्तव्य को कभी भी अन्देखा नहीं किया जा सकता है डॉक्टरों का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। इस मौके पर अजय दे, दानिश अहमद, रेहान खान, जाकिर हुसैन सहित अन्य उपस्थित रहें

## डॉक्टर्स दिवस पर घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य ने कई चिकित्सकों को किया सम्मानित



**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने अपने शिक्षक एवं कर्मियों के साथ डॉक्टर्स दिवस पर कई चिकित्सकों को सम्मानित किया। प्राचार्य ने एचसीएल होस्पिटल के जीएम पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ पीएन मिश्रा, आशीर्वाद नर्सिंग होम के प्रसिद्ध चिकित्सक डा बी बी सिंहा तथा घाटशिला अनुमंडल चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आर एन सोरेन, चिकित्सक डॉक्टर विकास मार्डी, डॉक्टर आर एन टुडू एवं डॉक्टर मीरा मुर्मु को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि घाटशिला कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रों के ईलाज में इन चिकित्सकों का निस्वार्थ सहयोग पूर्व से मिलता रहा है। इस सम्मान के माध्यम से उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया है।

चिकित्सकों के सम्मान कार्यक्रम में प्राचार्य के साथ डॉ पीके गुप्ता, डॉ डीसी राम, प्रो इंदल पासवान, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, डॉ एसपी सिंह, प्रो अर्चना सुरीन, डॉ संजेश तिवारी, डॉ कन्हाई बारिक, लेखपाल हीरालाल शीट आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## 250 से अधिक छात्रों को दी गयी सीए में करियर की जानकारी

- मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा की पहल



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने फॉर्मेशन वीक उत्सव के पांचवे दिन, सीए डे (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के अवसर पर करियर काउंसिल इन सीए प्रोफेशन कार्यक्रम के तहत कक्षा 11 एवं 12 के बच्चों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया। शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, के नेतृत्व में सोमवार को चर्च स्कूल बेल्डीह, बिष्टुपुर में आयोजित इस सेमिनार में 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए ऋषि अरोड़ा ने बच्चों को सीए कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार बच्चे 10वीं या 12वीं के बाद इस कोर्स में अपना करियर बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर सीए विनीत मेहता उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में मुख्य रूप से मानस रंजन दास, धीरेन कुमार दास, रितेश कुमार दास, अविनाश दास, एस्तेर मोहंती, शाखा सचिव विजय सोनी, सुगम सरायवाला, सौरव अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भरत सिंह ने किया धरती के भगवान डॉक्टर का सम्मान



**जमशेदपुर।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सिंह ने अपने साकची स्थित कार्यालय में शहर के जाने-माने 11 डॉक्टरों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिनमें डॉ.पी.के.साहू, डॉ.के.एल.पॉल, डॉ. नेपाल चंद्र गोराई, डॉ. राणा प्रवीण, डॉ. अमनदीप कौर, डॉ. जिया अहमद, डॉ. कृष्णा किशोर हाजम, डॉ. अशेष गौतम, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. ऋतिक पाठक शामिल थे। इस दौरान सिंह ने कहा कि देश में हर साल 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। यह खास दिन पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और फिजिशियन डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया जाता है। इस दौरान अंजुला सिंह, मनोज सोनी, विक्की श्रीवास्तव, संदीप सिंह, राजेश सिंह, करन गोराई, सुनंदा सिंह, आजाद सिंह कश्यप, आयुष्मान सिंह, युवराज सिंह, दानिश, पप्पू तिवारी, मनीष शर्मा, सूरज, मनोज कुमार, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

शिक्षा निकेतन स्कूल में डॉक्टर दिवस का आयोजनः- सोमवार को टेल्को स्थित, शिक्षा निकेतन स्कूल परिसर में प्रातः कालीन सभा में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा डॉक्टर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ बी सी राय को याद करते हुए एवं डॉक्टर के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुमिता डे ने इस मौके पर डॉक्टर का हमारे जीवन में भगवान के बाद स्थान बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

# जमशेदपुर एफसी ने सेमिनलेन डोंगेल को एक और सीजन के लिए रखा बरकरार

**जमशेदपुर।**

मणिपुर के सेमिनलेन डोंगेल का (जिन्हें प्यार से लेन के नाम से जाना जाता है) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2024-25 सीजन के अंत तक क्लब ने कार्यकाल बढ़ा दिया था. पिछले सीजन में प्रदर्शन के आधार पर उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। लेन डोंगेल एक कुशल, मजबूत और बहुमुखी खिलाड़ी हैं, जो पिछले चार सीजन से जमशेदपुर एफसी की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं. आईएसएल शील्ड जीतने वाले अभियान में मणिपुरी खिलाड़ी की अहम भूमिका रही. मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उनकी प्रतिबद्धता खालिद के लिए एक बड़ी ताकत है, इसके अलावा वे अलग अलग पोजीशन पर खेलने में भी माहिर हैं. उनके कौशल और ताकत उन्हें एक बेहतरीन खिलाड़ी बनाती है और आने वाले साल में उनके प्रदर्शन से और भी बहुत कुछ योगदान मिलने वाला है। 30 वर्षीय विंगर ने खालिद जमील की अगुवाई वाली टीम के साथ अपने कार्यकाल को बढ़ाने पर खुशी जाहिर की और कहा, ष्पिछले दो सीजन से मेरा काम अधूरा है और हमें क्लब को आईएसएल तालिका में शीर्ष पर वापस लाना है, एक ऐसा स्थान जिसके झारखंड के प्रशंसक हकदार हैं. जमशेदपुर के साथ चार साल बिताने के बाद, क्लब वास्तव में एक परिवार की तरह बन गया है. यहां अपने पूरे समय के दौरान, मैंने अपने समर्पित और मुखर प्रशंसकों से अपार जुनून और अटूट समर्थन देखा है. फुटबॉल के लिए उनका उत्साह प्रेरणादायक है, और हम अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली हैं कि हमारे पीछे इतना वफादार फैन बेस है. मुख्य कोच खालिद जमील के साथ मैं कड़ी मेहनत करूंगा और समर्थकों को गौरवान्वित करने के लिए अपना सारा अनुभव




लाऊंगा. मेरा लक्ष्य इस क्लब के साथ इतिहास बनाना है. मैं यहां अपनी यात्रा जारी रखने के लिए आभारी हूं, खासकर यह जानकर कि कोच को मेरी क्षमताओं पर भरोसा है और मैं सिल्वरवेयर की हमारी खोज में योगदान देने के लिए तैयार हूं.। लेन का आईएसएल में जमशेदपुर, गोवा, केरल ब्लास्टर्स, नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड, बेंगलुरु एफसी, दिल्ली डायनामोज और ईस्ट बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार करियर रहा है. लेन टीम में अनुभव का खजाना लेकर आए हैं. जमशेदपुर एफसी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने टीम के आईएसएल शील्ड जीतने वाले अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मेन ऑफ स्टील के लिए अपने 63 मैचों में लेन ने पांच गोल किए हैं और एक असिस्ट प्रदान की है. वह आईएसएल में अपने नाम हैट्रिक दर्ज कराने वाले छह भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। अपने क्लब की सफलता के अलावा, लेन ने भारतीय राष्ट्रीय टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है. उनके पास ट्रॉफी जीतने का रिकार्ड है, उन्होंने 2015-16 सीजन में आई-लीग और 2012 और 2017 में फेडरेशन कप जीता है. वह 2016 में एएफसी कप में उपविजेता रहे एफसी गोवा के 2019-20 आईएसएल सीजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उन्हें लीग में शीर्ष पर रहने और आईएसएल प्रीमियर (शील्ड विजेता) बनने में मदद मिली। हेड कोच खालिद जमील ने लेन के रिटेंशन पर कहा, कि हमारा लक्ष्य एक ऐसी टीम बनाना है जिसमें युवा ऊर्जा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण हो. लेन, अपने विशाल अनुभव के साथ, हमारी आक्रमण क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है और साथ ही रक्षात्मक भी है. टीम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटूट है और वह लगातार मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं. अब सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक होने के नाते, मैं चाहता हूं कि वह अपने प्रदर्शन, कड़ी मेहनत, जुनून और समर्पण के साथ दूसरों के लिए एक उदाहरण बनें.।

# रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने चिमटी पहाड़िया गांव में लगाये 500 पेड़

**जमशेदपुर।**

रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के नए सत्र 2024-25 का शुभारंभ सोमवार को पटमदा के नजदीक चिमटी पहाड़िया गांव में ग्रामीणों की मदद से सागवान एवं कई फलों का 500 वृक्षारोपण और 100 गुणा 100 फीट का एक बड़ा तालाब बनाने हेतु निर्माण कार्य शुरू कर किया गया। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी एवं सचिव दीप्ति सिंह के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि इस गांव



वालों के पास जीवन जीने के लिए कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं है। ना सड़क है, ना बिजली है, ना पानी है, ना खेती है, ना स्कूल है। ऐसे गांव को रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट ने गोद लिया है। गांव में तालाब का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पहाड़ के जल को इकट्ठा करके गांव वालों के लिए खेती एवं दिनचर्या के लिए पानी उपलब्ध रहेगी। आने वाले समय में इस गांव के लिए खेती, बिजली (सोलर पैनल) और शिक्षा एवं चिकित्सा पर रोटरी क्लब सदस्य काम करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी, सचिव दीप्ति सिंह, सदस्य अमिताभ, जे बी सिंह, संजीव सहगल, अनु सहगल, एमके झा, अशोक झा, आलोक सरकार एवं नंदकिशोर अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोग का जल्द पहचान कर ईलाज कराने से दिव्यांगता से बचा जा सकता है- डॉ0 मृत्युंजय धाउड़िया

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उनमूलन कार्यक्रम अंतर्गत चिकित्सा पदाधिकारियों का दो दिवसीय कुष्ठ रोग संबंधित प्रशिक्षण सिविल सर्जन सभागार, पूर्वी सिंहभूम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में डेमियन




फाउंडेशन के राज्य समन्वयक डॉ0 गौतम कुमार ने सभी प्रतिभागियों को कुष्ठ रोग के लक्षण, प्रकार, उपचार तथा दिव्यांगता रोकथाम एवं चिकित्सीय पुनर्वास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ0 मृत्युंजय धाउड़िया ने बताया कि कुष्ठ रोग का जल्द पहचान कर ईलाज कराने से दिव्यांगता से बचा जा सकता है। कुष्ठ रोग की एम0डी0टी0 दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निरूशुल्क उपलब्ध है। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ0 राजीव लोचन महतो ने जानकारी दी कि आगामी 28 अगस्त 2024 से 13 सितंबर 2024 तक पूरे जिला में कुष्ठ रोगी खोज अभियान (एल0सी0डी0सी) चलाया जाएगा जिसमें सहिया एवं एक पुरूष कार्यकर्ता का दल बनाकर घर-घर सघन कुष्ठ रोगियों को चिन्हित किया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2024 से खोजे गए सभी नये कुष्ठ मरीजों को वित के तहत प्रत्येक माह 500 के दर से निबंधन कि तिथि से भुगतान किया जाएगा जिसमें पी0बी0 के मरीजों को कुल 3000/- तथा एम0बी0 के मरीजों को कुल 6000/- दिया जाएगा। डॉ0 गौतम कुमार ने कुष्ठ मरीजों को होने वाले रिएक्शन को कैसे रिएक्शन मैनेजमेंट करने तथा रिकंस्ट्राटिव सर्जरी के साथ-साथ सेल्फ केयर के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट भी दिया गया।

## आईटीसी होटल्स ने पश्चिम बंगाल में कदम रखा

**रांची।** आईटीसी होटल्स द्वारा स्टोरी देवासम रिसॉर्ट एंड स्पा, कोलकाता के साथ पश्चिम बंगाल में कदम रखा गया है। 3 एकड़ में फैला यह रिसॉर्ट आरामदेह प्रवास या स्पा हॉलिडे के लिए एकदम सही जगह है। चाहे अकेले यात्रा करना हो या दोस्तों और परिवार के साथ जश्न मनाना हो, स्टोरी कोलकाता आपको यादगार प्रवास बनाने के लिए कई विकल्प प्रदान करता है। साउथ सिटी रिट्रीट डिस्ट्रिक्ट में स्थित, ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन (ईएम) बाईपास से 20 मिनट की ड्राइव दूर, स्टोरी कोलकाता आपको शहरी जीवन की कोलाहल से दूर रखता है, मन और शरीर को शांत करने वाले व्यक्तिगत और कायाकल्प करने वाले अनुभव प्रदान करता है। स्थानीय लोकाचार के तत्वों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध, स्टोरी कोलकाता में सुंदर ओवरहैंग, आश्रय वाले पैदल मार्ग और जीवंत उद्यान हैं। आईटीसी होटल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल चड्ढा ने कहा कि ब्रांड स्टोरी सिटी ऑफ जॉय में आ गया है! कोलकाता में स्टोरी देवासम स्पा एंड रिसॉर्ट के लॉन्च से पूर्वी भारत में हमारी उपस्थिति मजबूत हुई है और यह पश्चिम बंगाल में हमारी पेशकशों के गुलदस्ते में एक महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी है। रिसॉर्ट में विशाल कमरे, सुइट्स और विला का एक अच्छा मिश्रण है। हर कमरे से हरे-भरे परिवेश का एक शानदार दृश्य दिखाई देता है।

## गोविंद विद्यालय तमोलिया में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर।** गोविंद विद्यालय तमोलिया में जूनियर एवं सीनियर विंग के विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जूनियर विंग एवं सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को उनके पढ़ने के कौशल में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना था। विजेताओं का चयन उनके उच्चारण, स्वर प्रवाह, ध्वनि मॉड्यूलेशन और अभिव्यक्ति के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में हेड ऑ×फ एच ओ डी नौशाद रज़िया, जूनियर प्रभारी शबाना परवीन, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं



विद्यार्थी उपस्थित थें। इस प्रतियोगिता का संचालन जूनियर विंग की शिक्षिका सुम्बुल बानो, सीनियर विंग के शिक्षिका मासूमा परवीन एवं सहयोगी शिक्षक रूपम कुमार चक्रवर्ती एवं शिखा सिंह की देखरेख में हुआ। इस प्रतियोगिता का जजमेंट शिक्षक विवेक मिश्रा, शिक्षिका डोली कुमारी, शिखा सिंह एवं सुम्बुल बानो ने किया।

## इनर व्हील क्लब ने किया ग्रीन मैराथन

**जमशेदपुर।** 1 जुलाई - इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर, इनर व्हील क्लब ऑफ ईस्ट, इनर व्हील क्लब ऑफ वेस्ट एंड इनर व्हील क्लब ऑफ जेस्ट के द्वारा कदमा सोनारी स्थित लिंक रोड पर पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत कई स्कूल के 120 बच्चों के साथ मिलकर इनर व्हील क्लब की महिलाओं ने ग्रीन मैराथन कार्यक्रम किया तथा शहर के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते हुए पर्यावरण बचाने का शपथ लिया। ज्ञात हो कि आज से इनर व्हील का नया सत्र शुरू हुआ है। जिसमें उसकी डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आलोकानंदा बक्शी, डिस्ट्रिक्ट एडिटर निभा मिश्रा, पी.डी.सी. अरुणा तनेजा समेत चारों क्लब की अध्यक्ष सारिका सिंह, मधुमिता सान्याल, पपिया चटर्जी तथा क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल के प्राइमरी विंग में मना येलो डे

**जमशेदपुर।** पीला रंग ऊर्जावान, आशावादी और खुशियो का रंग है। यह रंग हमारे जीवन को असीम खुशियों से भरने का प्रतीक है। इसके गहन प्रभाव से परिचित करवाने के उद्देश्य से शेन इंटरनेशनल स्कूल के प्राइमरी विंग में येलो डे मनाया गया। इस दिन नन्हे- मुन्हे बच्चे पीली



पोशाको के साथ पिले वस्तुओं से आकर्षक रूप से सजे हुए थे। पीले रंग के फलो, सब्जियों और वस्तुओ में रंग भरते हुए काफी प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। वे आपस मे खुशियो की भावना का संचार कर रहे थे। इस अवसर पर रमा श्रीनिवास, प्रिंसिपल (अकादमिक), पुष्पा भल्ला, प्रिंसिपल (प्रशासनिक), केया अदक, उप-प्राचार्या सिमरन सग्गू, मुख्य अध्यापिका ने प्राइमरी विंग के शिक्षकों और नन्हे-मुन्हे बच्चों को हार्दिक बधाई दी और उनके सफल कार्यों की सराहना की। यह दिन बेहद हीं आनंद के साथ बिता और बच्चों में रचनात्मकता की भावना जागृत हुई।

# झारखण्ड में नशा और अवैध धंधों के खिलाफ चल रहा जोरदार अभियान वहीँ रोजाना सज रहा है जुआ लॉटरी और हब्बा -डब्बा का लाखों का बाज़ार

**जमशेदपुर।**

एक तरफ झारखंड पुलिस अवैध धंधों और नशाखोरी पर लगाम लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है लेकिन वही दूसरी ओर पूरे कोल्हान में अवैध जुआ हब्बा -डब्बा और लॉटरी का कारोबार चरम पर है . ये जुआ और लॉटरी माफिया हर दिन खुलेआम अपने धंधे का बाज़ार सजाते हैं और जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई को समेत कर चलते बनते हैं .

कुछ ऐसा ही नजारा कोल्हान के तीनों जिलों में देखने को मिलता है.कुछ ही दिन पहले जमशेदपुर के सुंदरनगर के गोड़ाडीह गांव हब्बा-डब्बा को लेकर चर्चा में रहा है और वहां मेला पाड़ा के नाम पर अवैध जुए के अड्डे चलाए जा रहे थे.सूत्रों की मानें तो कोल्हान में रोजाना शाम 4.00 बजे से ऐसे दर्जनों अड्डों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चलवाया जा रहा है.आज शाम में गालूडीह के उल्दा में भी थाने से महज़ कुछ ही दूरी पर हब्बा-डब्बा चलवाया गया है. कोल्हान के परसुडीह,सुंदरनगर,





जादूगोड़ा,पोटका,राजनगर,आरआईटी,चांडिल,सरायकेला समेत दर्जनों सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं की टोली जुआ और नशाखोरी के लिए ऐसे अड्डों पर जुटती है.प्रतिदिन यहां जुआ और अवैध शराब के खेल में पचास हजार से एक लाख रुपए तक का फायदा संचालकों को होता है.कुछ जगहों पर तो ऐसे अड्डों को मेले के रूप में परिवर्तित कर जुए अड्डे का संचालन करने के लिए बकायदा पंपलेट भी छपवाया जाता रहा है जिससे जुए के शौकिन लोगों तक धंधेबाज समय से पूर्व ही प्रचार-प्रसार कर भीड़ बढ़ा सकें.

जादूगोड़ा थाना क्षेत्र में इन दिनों ऑनलाइन लॉटरी का कारोबार चरम पर है . इस धंधे को यहाँ के एक बदनाम तथाकथित छुटभैये नेता और उसके एक चेले द्वारा चलाया जा रहा है . सारा धंधा ऑनलाइन होता है . पहले दिन भर दोनों गुरु चेले मोटरसाइकिल पर पूरे क्षेत्र में घूम -घूम कर ऑनलाइन लॉटरी पर दाँव लगाने वालों से बुकिंग करवा कर रुपयों की वसूली करते है. उसके बाद राखा कॉपर स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दूकान के पीछे बने बंद कमरे में हर शाम को लॉटरी का ड्रा होता है . जिसमे मोटी रकम लगाने वालों को चूना लगा दिया जाता है . और छोटे -मोटे रुपये लगाये लोगों को डबल रूपया देकर चलता कर दिया जाता है . ताकि लोगों का विश्वाश बना रहे . इस प्रकार जादूगोड़ा की जनता जहाँ अपनी खून पसीने की कमाई अवैध लॉटरी में गँवा रही है वहीँ दोनों गुरु चेला हर दिन लाखों में खेल रहे हैं. इतना ही नहीं इस धंधे के एक संचालक ने तो इन अवैध जुआ और लॉटरी के धंधे से अकूत संपत्ति भी अर्जित की है . जिसके आय का कोई वैध श्रोत नहीं है .

इतना ही नहीं सूत्रों की मानें तो ऐसे अड्डों पर शराब,गांजा और महुआ की भी खुले आम बिक्री होती है. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के युवा जब जुए में पैसा हारकर और नशे में चूर होकर जब घर पहुंचते हैं तो इस धंधे के खिलाफ परिजनों का भी गुस्सा फूटना लाजमी होता है. यही कारण है की घरेलु हिंसा , आपस में मारपीट जैसी घटना भी लगातार हो रही है .

हब्बा-डब्बा और मुर्गा पाड़ा के साथ ही लॉटरी और मटका के जुए अड्डे पर भी पुलिस को अभियान चलाकर जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है लेकिन उल्टे कुछ थाना क्षेत्रों में इसकी सूचना के बावजूद खुलेआम धंधा चलवाया जा रहा है. जुगसलाई,साक्ची,बिष्टुपुर, सीतारामडेरा,चाईबासा,सरायकेला,आदित्यपुर सहित कई क्षेत्रों में विगत एक माह पहले अखबारों और न्यूज पोर्टल पर चली खबरों के बाद मटका-लॉटरी का धंधा बंद हुआ था लेकिन अब तो हालात फिर से जस के तस हैं. जुगसलाई,सीतारामडेरा और बिष्टुपुर में जिस तरह से बंद पड़े जुए के अड्डे फिर से गुलजार हो रहे हैं उससे तो यही लगता है कि पुलिस की मंशा इसे बंद करने की है ही नहीं.

सवाल है कि जिस तरह से अखबार और न्यूज चैनलों पर नशाखोरी और तस्करी को रोकने के लिए झारखंड सरकार ने अभियान के लिए प्रचार-प्रसार चलाकर करोड़ों रुपये विज्ञापन में खर्च कर दिए हैं. देखकर तो ऐसा नहीं लगता की लॉटरी,मटका,मुर्गापाड़ा और हब्बा-डब्बा संचालको पर कोई ठोस कारवाई हुई है .

हैरानी की बात है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इन अवैध धंधों पर पुलिस की नजर क्यों नहीं पड़ती या फिर देखकर नजर अंदाज करना पड़ रहा है?

## न्यूज अपडेट

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चयन समिति गठित



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के लिए चयन समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे जबकि सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष व अनुसूचित, जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है और पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

### खाद्य आयोग ने राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में बड़ा रोल निभाने की पहल की : हिमांशु



**रांची।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी ने कहा कि आयोग ने झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में अपना बड़ा रोल निभाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जून 2018 में आकस्मिक खाद्यान्न कोष का गठन किया गया था, जिन गरीबों के पास राशन कार्ड नहीं है और राशन नहीं मिल पा रहा, उन्हें आकस्मिक खाद्यान्न कोष से 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाना है। हिमांशु चौधरी सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चावल की खरीद के लिए पंचायत एवं वार्ड में इसके लिए उपलब्ध राशि व्यय हो जाए तो जिले के डीसी द्वारा इसके लिए पैसे दिए जाएंगे। पंचायतों, वार्डों में इस पैसे की उपलब्धता, व्यय की स्थिति की समीक्षा के लिए खाद्य आयोग जिलों में भ्रमण करेगा। बीडीओ से राशि की उपलब्धता की जानकारी ली जाएगी। विशेषकर मुखिया के साथ बैठक कर राशि के समुचित उपयोग के संबंध में चर्चा होगी, विमर्श होगा। इसकी शुरुआत जामताड़ा जिले से होगी। इसके बाद धनबाद, बोकारो और रामगढ में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा देवघर, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज और गिरिडीह जिलों के लिए भी डेट फाइनल किया गया है।

### आरपीएफ ने 15 किलो गांजे के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) ने हटिया रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर तीन से 15 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने सोमवार को बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के जरिये बनाई गई फ्लाइंग टीम ने आरपीएफ पोस्ट हटिया के साथ मिलकर ऑपरेशन नारकोस के तहत यह कार्रवाई की है।



हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान दो तस्करों को भारी बैग के साथ संदिग्ध तरीके से बैठे देखा। बैग की जांच करने पर 15 किलो गांजा बरामद किया गया। तस्करों में उत्तर प्रदेश के बारापुर थाना निवासी सचिन कुमार और उत्तर प्रदेश के धर्मपुर थाना का एक नाबालिग शामिल है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके पास बैग में लिपटा हुआ मारिजुआना ( गांजा ) है। इसका बाजार मूल्य सात लाख 50 हजार रुपये है। सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया कि गांजा को ओडिशा संबलपुर से लेकर हटिया पहुंचे थे। गांजा को अपने निजी लाभ के लिए ऊंची कीमत पर उत्तरप्रदेश में बेचा जाना था।

### राहुल गांधी ने सदन में दिया हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय - बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान की कड़ी निन्दा की है। श्री मरांडी ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफ़रती बताकर राहुल गांधी ने फिर से अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का संसद भवन के अंदर ऐसा वक्तव्य देना बहुत ही गंभीर विषय है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अविलंब इस शर्मनाक हरकत के लिए पूरे देश से माफी मांगें। बाबूलाल ने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधे हो चुके राहुल गांधी का यह बयान हिंदू धर्म के खिलाफ खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। कल तक इंडी एलायंस के नेता सड़कों पर हिन्दू धर्म को मिटाने की बात करते थे, लेकिन आज संसद के अंदर हिन्दू धर्म का अपमान कर राहुल गांधी और इंडी एलायंस की पूरी जमात ने अपने बर्बादी को निमंत्रण दे दिया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता इसका उचित जबाव देगी।

# ठगबंधन सरकार युवाओं को नौकरी दे नही रही बल्कि बेच रही - अमर बाउरी

## नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने की मांग - परीक्षा में हुई धांधली की हो सीबीआई जांच

**रांची।**





भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि युवाओं को सपने दिखा कर, राज्य की जनता को झुठ बोल कर सत्ता में आयी जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ अब युवा आक्रोशित है क्योंकि ठगबंधन सरकार ने आज तक जो भी परीक्षाएं ली है उन सभी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आयी है। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि वो युवाओं के हित में इन सभी परीक्षाओं के गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कल जेएसएससी पीजीटी के अभ्यार्थियों ने मुलाकात कर बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। इसकों लेकर अभ्यार्थी पिछले 17 दिनों से धरना कर रहे है। अभ्यार्थियों ने अपने आवेदन में बताया कि एक ही सेंटर से 70-80 प्रतिशत अभ्यार्थी पास हुए है। बोकारो जिला के श्रेया डिजिटल और रांची जिला के शिवा इनफोटेक से सबसे अधिक अभ्यार्थी पास हुए है। सिरिया डिजिटल से 513 अभ्यार्थी, शिवा इनफोटेक से 279 अभ्यर्थी पास हुए वहीं धनबाद डिजिटल से 273 पास हुए है। अभ्यार्थियों ने बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। पैसे का खेल हुआ है। परीक्षा आयोजित करने के लिए जिस एजेंसी को नियुक्त किया गया है वह पहले से ही ब्लैक लिस्टेड है। राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर जांच करवाने का फैसला भी लिया है लेकिन अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं की गयी। जेएसएससी पीजीटी में ऐसे अभ्यार्थियों का भी चयन हुआ मूकबधिर दिव्यांग कोटा से हुआ है,जो बातचीत कर रहा। उन्होंने कहा कि एक बड़ा घोटाला राज्य सरकार ने किया है। पांच लाख नौकरी के नाम पर सत्ता में आयी हुई सरकार ने नौकरी तो नहीं दिया, लेकिन नौकरी बेचने का काम जरुर कर रही है। इसका मास्टरमाइंड कौन है, अभी तक नहीं पता चल सका है। यह पूरा मामला राज्य सरकार के इशारे पर ही हो रहा है।

राज्य के कई अधिकारी और मंत्रियों के मिलीभगत से ही इस तरह का घोटाला हो रहा है जिससे झारखण्ड के युवाओं का भविष्य को खतरे में डाल रहे है। युवाओं को ठगने का काम सरकार और सरकार की एजेंसी ही कर रही है। इन विषयों को लेकर केन्द्रीय मंत्री के साथ भी पत्राचार किया जायेगा, ताकि सीबीआई सभी मामले की जांच एक साथ कर सके। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार से मांग किया कि इस पूरे विषय पर सरकार निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को अनुशंसा करे । और जब तक जांच पूर्ण नहीं होती है तब तक नियुक्ति को रोका जाये। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि यदि इस मामले पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो जब भाजपा की सरकार राज्य में आयेगी तो वैसे अभ्यार्थी जो पैसे के बल पर परीक्षा दे रहे है और नियुक्ति ले रहे है, वैसे अभ्यार्थियों की नौकरी भी जायेगी और उन्हें जेल भी जाना होगा। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि 2014-19 तक भाजपा ने जितनी भी नौकरी दी उसपर कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है। लेकिन आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। छात्र खुद को ठगा हुआ महसुस कर रहे है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे।

### दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा




**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने 11 साल पुराना मामले में दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले के दोषी सुकेन उरांव को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इससे पूर्व 19 जून को अदालत ने इसे दोषी करार दिया था। यह मामला 20 जून, 2013 का बेड़ो थाना क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन की ओर से 15 गवाह पेश किए गए। आरोपित मूल रूप से गुमला के भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चुरिया गांव का निवासी है। सुकेन घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को अंजाम देने के दौरान आरोपित सुकेन उरांव बेड़ो में रहा था। इसी दौरान 20 जून, 2013 उसने बेड़ो थाना क्षेत्र की युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब मामले को गांव वालों को बताने की बात कही तो वह डर गया, उसकी पत्थर से मारकर हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को कुएं में फेंक दिया था। बाद में युवती के घर वालों के बयान पर केस दर्ज किया गया था।

## नये कानून के तहत रांची के कोतवाली थाने में चोरी का दर्ज हुआ पहला केस






**रांची।** देशभर में तीन नये कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू हो गये। नये कानून के तहत रांची के कोतवाली थाना में सोमवार को चोरी का पहला मामला दर्ज किया गया है। पहला मामला आईपीसी की जगह बीएनएस यानी भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज हुआ है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक दवा दुकान में चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। नये क्रिमिनल लॉ के लागू होने से पहले चोरी की घटना पर आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज होता था। लेकिन अब बीएनएस की धारा 303(2), 305(a) के तहत मामला दर्ज होगा। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार के श्रद्धानंद रोड स्थित रश्मि इंटरप्राइजेज नाम के दवा दुकान में रविवार की रात चोरी की घटना हुई थी। संचालक रश्मि कुमारी चौधरी सोमवार की सुबह जब दुकान पहुंची तो देखा कि शटर का ताला टूटा है। इसके बाद दुकान के अंदर जाकर गल्ला देखा तो पाया कि उसमें रखा करीब सवा लाख रुपये गायब हैं। साथ ही चांदी के आठ सिक्के भी नहीं थे। उन्होंने तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत की। उनकी शिकायत पर पुलिस ने नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 305(a) के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर लुसी रानी को दिया गया है। इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरी का मामला नये कानून के तहत दर्ज किया गया है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने कहा, संवैधानिक संस्थानों में रिक्त पदों के मामले में कछुए की चाल से क्यों चल रही राज्य सरकार?



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पदों को राज्य सरकार द्वारा नहीं भरे जाने पर मौखिक कहा कि सरकार कछुए की गति से क्यों चल रही है? लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है। सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी। हाई कोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किए गए टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया है। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था। इसमें करीब डेढ़ साल का समय बीत गया। सरकार अब भी इन पदों पर नियुक्ति के लिए एक माह से अधिक का टाइम फ्रेम निर्धारित कर रही है। सरकार को जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी। इस पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से काम नहीं चलेगा। लोकायुक्त, राज्य मानवाधिकार आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करें। राजकुमार की अवमानना याचिका में याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि वर्ष 2020 में हाई कोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी।

### रांची में 24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता पांच जुलाई से



**रांची।** 24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता रांची में आयोजित होगी। झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में रांची जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से पांच से सात जुलाई को आइडियल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दलादली में इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें 46 प्लेयर्स गोल्ड मेडल के लिए आपस में फाइट करेंगे। चैंपियनशिप में आयोजन सचिव झारखंड ताइक्वांडो संघ के मिथलेश कुमार सिंह होंगे। चैंपियनशिप में पूरे झारखंड से सब जूनियर, जूनियर गर्ल्स ब्वॉयज कोच, मैनेजर समेत लगभग 600 लोग भाग लेंगे।

## राज्य के सरकारी स्कूलों ने लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में हासिल किया सफलता का शानदार पड़ाव : आदित्य रंजन



**रांची।** मिशन लाइफ के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक राज्य के सभी स्कूलों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास जारी रखते हुए विद्यालयों के कैंपस को हरा भरा बनाने के लिए अबतक एक लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। इस मिशन के तहत विद्यालयों में 5,153 आदर्श किचेन गार्डेन बनाये गए हैं। राज्य के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग होने वाले पोषक सब्जियों, मौसमी या औषधीय पौधों को यहां पौधरोपित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों को विद्यालय समितियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का भी योगदान मिल रहा है। दो जून से शुरू हुए इस पौधरोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य होगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी स्कूलों को विस्तृत दिशा-निर्देश के साथ राशि उपलब्ध कराई गयी थी। अबतक प्राप्त आंकड़े संतोषजनक हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी योजना है।

**वर्षा जल का होगा संरक्षण, ईको क्लब के माध्यम से होगी ट्रैकिंग-** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में बारिश के दौरान वर्षा जल संरक्षण के ठोस उपायों को अमल करने का निर्देश दिया गया है। मॉनसून के साथ ही वर्षा जल संरक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। विद्यालयों को वर्षा जल से संगृहीत जल की मात्रा को ट्रैक करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए ईको क्लब के सदस्यों को प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है। भविष्य में इस ट्रैकिंग तंत्र के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि कितना वर्षा जल संरक्षित किया गया या संरक्षित वर्षा जल का उपयोग कहां किया जा रहा है।

### जूनियर इंजीनियरों का लंबित रिजल्ट शीघ्र घोषित करे जेएसएससी : भाजमो

**रांची ।**




डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लंबित अभ्यर्थियों के परीक्षा फल प्रकाशासन न होने के संबंध में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने जेएससीसी पर सवाल उठाया की रिजल्ट निकल गया। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी हो गया पर पर अभी तक रिजल्ट को पेंडिंग रखा गया। 126 जूनियर इंजीनियर के दस्तावेज के सत्यापन के बाद भी विभाग आवंटन का इंतजार बेसब्री से जूनियर इंजीनियर जेएसएससी से कर रहे हैं। ज्ञात हो कि 126 उम्मीदवारों के परिणाम को लंबित रखने का कारण अभ्यर्थियों को भी मालूम नहीं है। यदि किसी तरह के अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता हो तो अभ्यर्थी उसकी व्यवस्था करेंगे देंगे। सरकार कह रही है कि हमने 1500 जूनियर इंजीनियर को बहाल कर लिया है। लेकिन अभी भी 126 लोग रोड पर घूम रहे हैं इसी प्रत्याशा में की अब जेएसएससी हम लोगों को नियुक्ति पत्र देगा। ना तो जेएसएससी कुछ कह रहा है ना सरकार कुछ कह रही है। इंजीनियर रोड पर भटक रहे हैं और यहां उनकी आवाज उठाने वाले भी कोई नहीं है। सरकार केवल दावा कर रही है 4 महीने हो गए इंजीनियर पहले सरकारी या निजी क्षेत्र में काम कर रहे थे चयनित उम्मीदवार डरे हुए हैं। मुश्किल में है कि आशा में नौकरी छोड़ दीए है यहां नौकरी मिल नहीं रही है।

श्री तिवारी ने कहा सरकार से निवेदन है की जेएसएससी को नींद से उठाएं और इंजीनियरों को नियुक्ति दिलाए। मिलने वालों में मोहम्मद जमशेद आलम, लुकमान अंसारी, नितेश कुमार, मुन्ना कुमार दास, अमित मुंडा, कंचन कुमार, प्रकाश कुमार महतो आदि

## सुविचार

**सब्र और सहनशीलता कोई कमजोरी नहीं होती, ये तो अंदरुनी ताकत है, जो सब में नहीं होती।**

# बर्बर कृत्य

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा में एक 'जोड़े' को छड़ी से पीटने की घटना का वीडियो रोंगटे खड़े कर देनेवाला है। इस राज्य में यह क्या हो रहा है? वीडियो देखकर लगता नहीं कि पिटाई करने वाले शख्स को कानून का कोई डर है। उसने जिस तरह युवक-युवती को सरेआम पीटा, वह अत्यंत बर्बर है। हैरत होती है कि 21वीं सदी में ऐसी घटना हुई, वह भी हमारे देश में! मजमा लगाकर 'इन्साफ' करने की ऐसी घटनाएं पहले अफगानिस्तान में खूब होती थीं। वहां आज भी तालिबान शासन में सजा देने के खौफनाक तरीके प्रचलित हैं। लेकिन भारत में यह कैसे हो सकता है, जहां कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए एक आधुनिक व स्पष्ट तंत्र है? आरोपी अपने हाथों में छड़ी लेकर युवक-युवती को पीटता रहा और लोग खड़े तमाशा देखते रहे! क्या तृणमूल कांग्रेस के राज में कुछ लोग इतने उद्दंड हो गए हैं कि उन्हें किसी की परवाह नहीं है? आरोपी तजमुल उर्फ जेसीबी को चोपड़ा से तृणकां विधायक हमीदुल इस्लाम का करीबी बताया जा रहा है। इतनी बड़ी घटना को बेखौफ होकर अंजाम देने वालों पर राजनीतिक छत्रछाया न हो, यह मुश्किल लगता है। कोई सामान्य व्यक्ति इतना दुस्साहस नहीं कर सकता। घटना के संबंध में हमीदुल ने जो बयान दिया, एक विधायक से तो उसकी उम्मीद नहीं की जा सकती। वे किन 'नियमों' का हवाला दे रहे हैं? 'सामाजिक सम्मान' और 'रिवाजों' के नाम पर ऐसे बर्बर कृत्य की अनुमति किसी को नहीं है। ऐसी घटना पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, इराक या बांग्लादेश जैसे देशों में होती (तब भी यह निंदनीय कहलाती), तो एक बार यह माना जा सकता था कि वहां सामाजिक समानता, मानवाधिकारों की स्थिति अच्छी नहीं है, न्याय प्रणाली पर रूढ़िवाद हावी है, लेकिन भारत में प. बंगाल के विधायक पीड़ित महिला के लिए ही आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं!

यह तो इस पूरे कांड का किसी ने वीडियो बना लिया, अन्यथा न इसके बारे में सबको पता चलता और न ही तजमुल की गिरफ्तारी होती। वीडियो में आरोपी शख्स दोनों को छड़ी से तो पीटता ही है, वह युवती के बाल पकड़कर उसे लात भी मारता है। उसकी हरकत का कोई विरोध नहीं करता, बल्कि हर कोई मूकदर्शक बना रहता है! क्या प. बंगाल में दबंगों व अपराधियों का दुस्साहस इतना ज्यादा बढ़ गया है कि कोई उनका विरोध भी नहीं कर सकता? संदेशखाली की घटना को भी कौन भुला सकता है? महिलाओं के खिलाफ इतनी क्रूरता की घटनाएं पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े करती हैं। हर राज्य की पुलिस का अपना खुफिया नेटवर्क होता है, जिससे जुड़े लोग उसके आंख-कान बनकर महत्त्वपूर्ण सूचनाएं भेजते रहते हैं। क्या पुलिस के पास आरोपी तजमुल के बारे में कोई सूचना नहीं थी? जब उसने 'तुरंत इन्साफ' करने के लिए यह मजमा लगाया तो पुलिस को कैसे पता नहीं चला? वीडियो में साफ दिखता है कि काफी बड़ा जमघट लगा था। क्या वहां मौजूद लोगों में से एक ने भी पुलिस को सूचित नहीं किया, जबकि सूचना देने के कई सरल विकल्प हैं? वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी गिरफ्तार भी हुआ और तृणकां ने उससे पल्ला झाड़ते हुए पीड़ितों को सुरक्षा उपलब्ध कराने और घटना में शामिल लोगों में से किसी को न बख्शने की बात कही। अगर हकीकत में ऐसा हो तो ठीक है, लेकिन बेहतर यह होगा कि राज्य सरकार तजमुल जैसे दबंगों पर शिकंजा कसे और उन विधायकों को मर्यादा का पाठ पढ़ाए, जो वोटबैंक को 'खुश रखने' के लिए वाणी और व्यवहार का संयम भूल जाते हैं।

## ट्वीटर टॉक



केंद्र सरकार में नई जनसेवा की नई जिम्मेदारी प्राप्त करने के बाद जोधपुर में ज़िला प्रशासन के अधिकारियों से संवाद किया। उन्हें आश्वस्त किया कि अब डबल इंजन के शासन में प्रशासन को किसी भी मुद्दे पर राजनीति नहीं जनहित का ख़्याल रखना होगा।

**-गजेन्द्रसिंह शेखावत**



राहुल गांधी का बयान झूठ का एक पुलिंदा है, उत्तर प्रदेश और श्री अयोध्या धाम को बदनाम करने की साजिश है... इसका जवाब समय आने पर श्री अयोध्या धाम और देश की जनता कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन को देगी।

**-योगी आदित्यनाथ**



भारत की आजादी के बाद किसी भी कानून को पारित कराने के लिए इतनी लंबी चर्चा का प्रोसेस नहीं हुआ है। 4 साल तक इस कानून पर विचार हुआ और आपको अभी भी कुछ कहना है, तो आप जरूर आइए मैं सुनने को तैयार हूं।

**-अमित शाह**

## प्रेरक प्रसंग

परमार्थ हेतु यज्ञ

राजा जनमेजय एक बार वेदव्यास जी के चरणों में बैठकर सत्संग कर रहे थे। व्यासजी ने विस्तार से उन्हें भगवती देवी के विभिन्न रूपों की जानकारी दी और बताया कि सभी अवतारों तथा देवादिदेव शिवजी ने भी अनेक बार देवी की आराधना और कृपा पाई। राजा जनमेजय ने प्रश्न किया, 'देवी की कृपा प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले यज्ञ में किन-किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए?' व्यास जी ने बताया, 'यदि पूर्ण ईमानदारी और परिश्रम से अर्जित कमाई को यज्ञ में लगाया जाता है और पूर्ण शास्त्रीय विधि-विधान तथा शुद्ध मंत्रों से आहुति दी जाती है, तो यज्ञ का सुफल मिलता है।' व्यास जी ने कई उदाहरण देकर बताया कि अन्याय से अर्जित धन से किए गए यज्ञों से देवी-देवता प्रसन्न नहीं, रुष्ट होते हैं। यज्ञ करने वाले को सर्वप्रथम मन को काम, क्रोध, लोभ जैसे दुर्गुणों से मुक्त कर शुद्ध बनाना चाहिए। जब यज्ञकर्ता इंद्रियों के विषयों का परित्याग कर पवित्र हो जाए, तभी यज्ञ करें। सदाचारी ही देवी-कृपा का अधिकारी होता है।' उन्होंने बताया, 'किसी का अहित करने के उद्देश्य से किया गया यज्ञ विनाशकारी होता है। अतः परमार्थ और धर्मरक्षार्थ ही यज्ञ करना चाहिए।'

## सामयिक

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

ललित गर्ग



भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।

लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है।

इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी-मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी-कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने, और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड़ नहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है।

विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों में व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई, जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त-व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान वर्क फरोम हॉम का प्रचलन बढ़ा, उसने भी लोगों को ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई है। देर राज तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे। जिसके कारण मधुमेह एवं हृदय रोग का खतरा मंडरा रहा है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है। क्योंकि वे पुरुषों की तुलना में 14-20 फीसदी से अधिक पीछे हैं। अध्ययन के अनुसार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में महिलाएं अधिक सक्रिय हैं। भारत में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, आलसीपन एवं सुस्ती को दूर करने के लिये समग्र जन-चेतना को जगाना होगा। सरकार को भी शारीरिक श्रम की योजनाओं को बल देना होगा। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार, कर्म, शरीर से कमजोर ही नहीं बल्कि बीमार बनायेगा, जो आजादी के अमृतकाल को धुंधलाने का बड़ा कारण बन सकता है।

## ज्ञान विज्ञान

# वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा विशाल एस्टेरॉयड

हमारा सौरमंडल हैरान करने वाले रहस्यों से भरा हुआ है। वैज्ञानिकों ने ऐसी ही आश्चर्यजनक खोज में एक क्षुद्रग्रह (-ींशीळव) का पता लगाया है, जो सूर्य के चारों ओर अपनी वार्षिक परिक्रमा में पृथ्वी के साथ-साथ चल रहा है। इस एस्टेरॉयड को 2023 ऋथ13 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों ने एस्टेरॉयड को अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह कहा है, क्योंकि यह चंद्रमा की तरह ही पृथ्वी के समान समय सीमा में सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, ये पाया गया है कि एस्टेरॉयड पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का भी खिंचाव पड़ा है। 50 फीट (15 मीटर) व्यास का एस्टेरॉयड पृथ्वी से लगभग 1.4 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

वैज्ञानिकों ने 28 मार्च 2023 के पैन-स्टार्स सर्वे दूरबीन की मदद से एस्टेरॉयड को देखा था। दूरबीन को हवाई द्वीप पर एक निष्क्रिय ज्वालामुखी के शीर्ष पर रखा गया था। कनाडा-फ्रांस-हवाई दूरबीन के साथ ही एरिजोना में दो ऑब्जर्वेटरी ने भी क्षुद्रग्रह की उपस्थिति की पुष्टि की। क्षुद्रग्रह को



आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ में माइनर प्लैनेट सेंटर ने सूचीबद्ध किया था। हमारे सौरमंडल में नए चंद्रमा, ग्रहों के साथ-साथ अन्य खगोलीय वस्तुओं को नामित करने की जिम्मेदारी इसी संगठन पर है।

खगोलशास्त्री एड्रियन कॉफिनेट ने एस्टेरॉयट के मार्ग की मैपिंग के लिए एक कक्षा सिम्युलेटर का उपयोग किया। इस कक्षा सिम्युलेटर को शौकिया खगोलशास्त्री टोनी डन ने विकसित किया था। मॉडल में एस्टेरॉयड 2023 ऋथ13 को पृथ्वी के बराबर ही सूर्य के चारों ओर घूमते हुए देखा गया। एस्टेरॉयड धरती के चारों ओर चक्कर लगा रहा था, इसलिए कॉफिनेट ने इसे अर्द्ध-चंद्रमा के रूप में वर्गीकृत किया। वैज्ञानिकों के अनुसार, एस्टेरॉयड कम से कम 100 ईसा पूर्व से हमारे ग्रह के साथ चक्कर लगाता हुआ प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस एस्टेरॉयड के सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर लगभग साल 3700 अनुसरण करने की संभावना है। कॉफिनेट ने कहा, यह पृथ्वी का अब तक ज्ञात सबसे लंबा अर्द्ध उपग्रह प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुत्रग्रह भले ही हमारे ग्रह के अपेक्षाकृत करीब मंडरा रहा है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं है।

## नजरिया

# भाग्य साहसी पुरुषों का देता है साथ

संजीव ठाकुर

**अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।**

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है। वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है। पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं। वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था, जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है।

साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू, बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है।

थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है।

प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है,ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है।

अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।

# पथ निर्माण, जल संसाधन व भवन निर्माण मंत्री झारखंड की अध्यक्षता में आयोजित की गई प्रमंडलीय समीक्षा बैठक







दुमका।

समाहरणालय सभागार दुमका में दिन सोमवार को राज्य के पथ निर्माण, जल संसाधन व भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रमंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मंत्री ने भवन निर्माण विभाग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली।

भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए संताल परगना के सभी जिलों के कार्यपालक अभियंता से जिलावार क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण देवघर जिले में निर्माण हो रहे नए समाहरणालय भवन एवं जामताड़ा जिले के नए अनुमंडल कार्यालय निर्माण कार्य था। संबंधित अधिकारी ने बताया कि देवघर समाहरणालय भवन का 80% कार्य पूर्ण हो गया है। जिसपर मंत्री ने सितंबर 2024 तक 100% कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में बताया गया कि जामताड़ा के अनुमंडल कार्यालय का निर्माण कार्य अभी 30% ही हुआ है जिसपर मंत्री ने फरवरी 2025 तक 100% कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

भवन निर्माण विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023- 24 में प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त दुमका जिले के 5, देवघर के 1, जामताड़ा के 1, पाकुड़ के 1, गोड्डा के 5 योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री ने तय समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया है। आगामी 45 दिनों की कार्य योजना के तहत जिलों के विभिन्न भवनों में मरम्मत्ती कार्य किया जाना है। जिसकी तैयारी से संबंधित कई आवश्यक निर्देश विभागीय पदाधिकारियों को दिया गया।

झारखंड राज्य भवन निर्माण लिमिटेड के अंतर्गत स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की संथाल परगना प्रमंडल में संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के लिए 2 मेडिकल कॉलेज/ हॉस्पिटल निर्माण किया जा रहा है। जिसमे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 500 बेड-ड अस्पताल का कार्य 85% पूर्ण हुआ है, मंत्री ने कहा यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है इसे प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करे। और गोड्डा के महगामा में 300 बेडेड अस्पताल का निर्माण किया जाना है जिसकी सारी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द निर्माण प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। गोड्डा जिले के सदर अस्पताल में बन रहे डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर के निर्माण कार्य में बताया गया कि इस योजना का 68% कार्य पूर्ण हो चुका है। क्रिटिकल केयर सेंटर, सीएचसी के निर्माण कार्य में मंत्री ने कहा कि यह योजनाएं आम जनता के लिए है, ऐसी जगह चिन्हित करते हुए बनाए जहां आम जन आसानी से पहुंच सके और योजना का लाभ ले सके। इसी क्रम में मंत्री ने भवन निर्माण विभाग की ओर भी कई योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी, भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन, सभी जिले के भवन, पथ एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## हमारा लक्ष्य गांव से शहर तक अच्छी सड़क बनाना है, यदि संवेदक द्वारा समय पर कार्य पूरा नहीं किया जा रहा तो उनपर विधिसम्मत होगी कार्यवाईः बसंत सोरेन



दुमका।

पथ निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री बसंत सोरेन ने संताल परगना के सभी जिलों के कार्यपालक अभियंता से जिलावार क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली। पथ प्रमंडल अंतर्गत पिछले 4 वित्तीय वर्ष में संताल परगना प्रमंडल में कुल 123 योजनाएं पूर्ण हो चुकी है। जिसमें दुमका में 39, साहिबगंज में 15, देवघर में 34, गोड्डा में 14, जामताड़ा में 09, पाकुड़ में 12 योजनाएं हैं। इस दौरान कुल मिलाकर 1897.71 किलोमीटर पथ का निर्माण संताल परगना में हो चुका है। वर्तमान में दुमका जिले में 26, देवघर में 27, गोड्डा में 19,जामताड़ा में 08, पाकुड़ में 14, साहिबगंज में 11 योजनाएं संचालित है, जिसके तहत 1474.24 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है। यह कार्य औसत के रूप में 62.01% हो चुका है।

मंत्री श्री सोरेन ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में पथ के निर्माण का कार्य तेजी से बढ़ा है। इससे अधिक गति से भी हमें कार्य करने की आवश्यकता है। लोगों को आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने से उनके विकास को गति मिलती है। हमारा लक्ष्य है गांव से शहर को अच्छी सड़क बनाना है। अगर इसके बीच कोई बाधा उत्पन्न होती है, किसी भी संवेदक द्वारा समय पर कार्य पूरा नहीं किया जा रहा तो उन पर विधिसम्मत कार्यवाई होगी।

उन्होंने विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति, नई सड़क निर्माण से संबंधित कार्य योजनाओं और राजस्व संग्रह की समीक्षा की। कहा कि सड़क परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण हो। बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, माननीय मंत्री के आप्त सचिव रवि शंकर विद्यार्थी, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त, प्रमंडल अंतर्गत सभी जिले के उपायुक्त, डीएलएओ, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### सीएम आज करेंगे विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

**दुमका।** पुलिस लाईन मैदान, दुमका में मुख्यमंत्री झारखण्ड के द्वारा आज (दिन मंगलवार) को संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन सह परिसम्पत्ति वितरण का कार्य किया जाएगा।

### कुष्ठ रोग प्रशिक्षण के प्रथम बैच की प्रशिक्षण का शुभारंभ




**देवघर।** सिविल सर्जन,डॉ. रंजन सिन्हा के निर्देशानुसार आईएमए हॉल में डॉ० मनोज कुमार गुप्ता,जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के एक दिवसीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण के प्रथम बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।उक्त प्रशिक्षण जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, देवघर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता,श्री बलराम महतो,डीएफआईटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एवं श्री विश्वेश्वर राम अचिकित्सा सहायक के द्वारा दिया गया प्रशिक्षण में देवघर जिला के सभी प्रखंडों के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में पदस्थापित 30 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को कुष्ठ रोग के पहचान एवं उपचार के साथ डीपीएमआर,डिसएबिलिटी के रोकथाम,रिएक्शन,एमडीटी,आरसीएस एवं अन्य की जानकारी प्रशिक्षक के द्वारा दी गयी। डॉ. मनोज गुप्ता ने बताया कि हम सबको मिलकर कुष्ठ को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा जिसके लिए प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को धरातल पर अमलीजामा पहनाने की जरूरत है। हमें भी कुष्ठ रोगियों से सामान्य रोगी जैसा व्यवहार करना चाहिए एव कुष्ठ रोग नियमित रूप से एमडीटी दवा का सेवन करने से बिल्कुल ठीक हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से चलाई जा रहा जनकल्याणकारी योजनाओं को कुष्ठ मरीजों तक भी पहुंचाने की जरूरत है। कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को तत्काल दूर करने की जरूरत है,उन्हें भी समाज की मुख्यधारा में लाने की जरूरत है। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया।उक्त प्रशिक्षण में श्री नीरज भगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक; श्री सुनील मणि त्रिपाठी, शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक, श्री रवि कुमार सिन्हा, एफएलसी,शेफाली एक्का, सुप्रिया सेन,हर्षित भादानी,आलोक कच्छप,सुनीता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### इनरव्हील क्लब ने पर्यावरण जागरूकता लक्ष्य के तहत किया वृक्षारोपण



**देवघर।** इनरव्हील क्लब देवघर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अर्चना भगत व सचिव कंचन मूर्ति के नेतृत्व में इनर व्हील के सत्र 2024 -25 के दिए गए सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण जागरूकता लक्ष्य के तहत सत्र का पहला कार्यक्रम आर मित्रा स्कूल में 141 पौधों का रोपण करके किया गया।141 पौधे लगाने का खास तात्पर्य यह है कि-इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय इनरविल क्लब के 101 साल पूरे हो गए तथा देवघर इनर व्हील क्लब के 40 साल पूरे हो गए हैं,दोनों का योग 141 को चिन्हित करने के उद्देश्य 141 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया।101 पौधे इमारती लकड़ी पर्यावरण स्वच्छता बढ़ाने हेतु जैसे नीम,शीशम और विद्यालय की सुंदरता बढ़ाने हेतु फूलों के पौधे वहीं 40 पौधे हर्बल पौधे थे जिनका उपयोग रोगों के उपचार के लिए किया जाता है।आर मित्रा के प्राचार्य अमित कुमार व वरीय शिक्षक अरविंद राज जजवाड़े के सहयोग से स्कूल परिसर में,मुख्य अतिथि देवघर एसडीएम श्रीमती सागरिका बराल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया।एसडीओ मैडम ने पहले बच्चों को संबोधित किया तथा पेड़ पौधों की जरूरत के बारे में बच्चों को जागरूक किया।वहीं अपने हाथों से दो पौधे लगाए तथा हरी झंडी दिखाकर ग्रीन मैराथन को रवाना किया।बच्चों में पेड़ पौधों को लगाने और ना काटने की जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से₹ग्रीन मैराथन₹ का भी आयोजन किया गया जो आर मित्रा स्कूल परिसर से निकलकर देवघर महिला थाना स्टेशन रोड होते हुए दिन दीनबंधु स्कूल चौक,टावर चौक होते हुए पुनःआर मित्रा स्कूल परिसर में आकर संपन्न हुई।मौके पर बच्चों को बताया गया कि पेड़ पौधे ही हमारे जीवन के आधार हैं।इस दौरान क्लब के दर्जनों मेंबर सहित स्कूल के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

# भाजपा 365 दिन तक जनता के बीच रहने वाली पार्टी : बाबूलाल मरांडी




दुमका।

भाजपा कार्यालय में दुमका जिला पदाधिकारी प्रदेश कार्य समिति एवं मोर्चा अध्यक्ष की एक बैठक जिलाध्यक्ष गौरवकांत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित हुए बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के विषय में बताया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 365 दिनों हमेशा जनता के बीच में रहने वाली पार्टी है और राजनीतिक और सामाजिक दोनों प्रकार के काम पार्टी के द्वारा किए जाते हैं 23 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले पखवाड़े में पार्टी के द्वारा कई प्रकार के रचनात्मक काम भी किया जा रहे हैं ।

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 5 जून को पर्यावरण दिवस को और बेहतर बनाने के लिए हमें वृक्षारोपण करने का आ''ान किया था । भाजपा के द्वारा इस पखवाड़े में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया जा रहा है पार्टी के कार्यकर्ता इस अभियान को गति देने में लगे हुए हैं इसके अलावा पार्टी विधानसभा स्तर पर अभिनंदन विजय संकल्प सभा अभियान चलाई जा रही है जिसके तहत दिनांक 6 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच में पार्टी के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र मे इस अभियान का आयोजन हो रहा है इसके अलावे पार्टी के द्वारा 20 जुलाई को रांची में एक वृहद कार्य समिति का आयोजन होना तय हुआ है जिसमें मंडल से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारी भाग लेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव मैं भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव में लड़ेगी जिस प्रकार से झारखंड की सरकार राज्य में महिलाओं पर अत्याचार पर चुप है युवाओं के भविष्य पर मौन है किसान परेशान है प्रखंड से लेकर राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार का दीमक लग चुका है जनता अब समझ चुकी है सरकार से जनता का भला होने वाला नहीं है भारतीय जनता पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करेगी और सरकार के एक-एक गलत कारनामे को जनता के बीच में लाने का काम करेगी श्री मरांडी ने कहा और पूरी मजबूती के साथ भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ेगी और सफलता हासिल करेगी और राज्य में सरकार जनता की बनेगी मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने कहा कि बैठक के उपरांत श्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यालय में वृक्षारोपण किया बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री लुईस मरांडी प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा पूर्व सांसद सुनील सोरेन सुरेश हेमब्रम परितोष सोरेन पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा प्रदेश का समिति सदस्य शर्मिला सोरेन निवास मंडल अंजुला मुर्मू अमरेंद्र सिंह मुन्ना जिला उपाध्यक्ष मनोज पांडे जवाहर मिश्रा बबलू मंडल धर्मेंद्र सिंह बिट्टू जिला महामंत्री विवेकानंद राय दीपक सोनकर मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल प्रदेश जिला मंत्री कामेश्वर गुप्ता मोर्चा अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष रूपेश मंडल श्रीधर दास पिंटू शाह फारूक अनवर सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे।

## लायंस क्लब दुमका सं.प. के तत्वावधान में साथ-साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस व विश्व लायंस दिवस



दुमका।

लायंस क्लब दुमका सं. प. के द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मानव जाति के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति योगदान और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉक्टर पीयूष रंजन और डॉक्टर अंकिता सिंह को शॉल ओढाकर, पुष्पगुच्छ, उपहार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि बी. के जयमाला दीदी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा क्लब द्वारा किया गया कार्य बेहद सराहनीय है। लायंस क्लब स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच सेवा देता हैं। और उन्होंने कहा भारत में प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस मनाया जाता है उस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और डॉक्टरों को उनकी सेवा के लिए शुक्रिया अदा करना है। डॉ पीयूष रंजन ने कहा लायंस क्लब के क्रियाकलाप से काफी प्रभावित हूं मैं भी आप सबों के साथ मिलकर जरूरतमंदों के बीच अपनी सेवा देना चाहता हूं। डॉ अंकिता सिंह ने कहा की लायंस क्लब द्वारा जो हमें सम्मान प्राप्त हुआ है इससे मैं काफी गौरवान्वित महसूस करती हूँ। और हमें सेवा करने का मनोबल को बढ़ाता है, आपके द्वारा लगाए गए स्वास्थ शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लुंगी और लोगों की सेवा करूंगी। क्लब के जनसंपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 1991 से मनाया जा रहा है 1 जुलाई को देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ बिधान चंद्र राय के जन्मदिवस और पुण्यतिथि है उन्हीं की याद में मनाया जाता है। वे भारत के सबसे प्रसिद्ध चिकित्सकों में से एक थे। क्लब के सचिव लायन चंदन कुमार साह ने बताया आज विश्व लायंस दिवस भी है इस अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोग्राम के तहत हाईवे रिंग रोड के आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया गया। आगे भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत भाषण लायन डॉ, अखिलेश कुमार सिन्हा और मंच संचालन लायन रमण कुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन लायन डॉ मनोज कुमार घोष ने किया।मौके पर क्लब के लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ, मनोज कुमार घोष, लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन डॉ शमीम अंसारी, लायन राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, लायन चंद्रशेखर पोद्दार, लायन चंदन कुमार साह, लायन सतीष कुमार, लायन सुमन कुमार साह, लायन अमुल्य पाल, लायन शम्भू कुमार साह, के अलावे बी.के रेखा, बंटी अग्रवाल, राजु अग्रवाल, अर्जुन समेत क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## ओम शांति भवन में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस




दुमका।

नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने व स्वस्थ जीवन जीने के लिए डॉक्टर्स अथक प्रयास करते हैं, ऐसे देव तुल्य चिकित्सकों के उमंग व उत्साह को बनाए रखने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुमका के ओम शांति भवन में सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। दुमका सेवा केंद्र की संचालिका बी. के जयमाला ने कहा डॉक्टर ईश्वर का दूसरा रूप होता है। डॉक्टर रोगों के लिए यमदूत है। डॉक्टर का करो सदा सम्मान, यही है दिल से मानवता का अभिमान। डॉक्टर इस संसार के वास्तविक हीरो होते हैं जो जीवन की रक्षा करते हैं।

एक डॉक्टर की मुस्कुराहट उनकी दवाईयों से कहीं ज्यादा असर दिखाती है। स्वास्थ्य लाभ में दवाई हमेशा जरूरी नहीं होती इसके लिए विश्वास भी जरूरी होता है। भगवान एक बार जीवन देते हैं, जबकि डॉक्टर्स बार-बार हमारे अमूल्य जीवन को बचाते हैं। भगवान से बढ़कर काम करते हैं। इसलिए डॉक्टर को धरती का भगवान कहते हैं। हम सब की दुआएं उनके साथ हैं।

भारत में 01 जुलाई को विधान चंद्र रॉय के जन्मदिन के रूप में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है इनका जन्म 1882 में बिहार के पटना जिले में हुआ था कोलकाता में उन्होंने शिक्षा पूर्ण करने के बाद डॉक्टर राय ने एफ आर सी एस की उपाधि लंदन से प्राप्त किया। 1911 में उन्होंने भारत में चिकित्सक जीवन की शुरुआत की डॉक्टर राय को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी डॉक्टर को तिलक लगाकर ,अंगवस्त्र देकर, दीप प्रज्ज्वलित कर, केक काटकर, एवं सभी डॉक्टर को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से डॉक्टर श्वेता स्वराज डॉक्टर समीम अंसारी डॉक्टर अभिषेक डॉक्टर अंकिता , डॉक्टर अशोक दास, डॉक्टर सुमित, डॉक्टर शालिनी , डॉक्टर बबीता अग्रवाल, आसन सोल से पधारे डॉक्टर समीर कुमार मित्रा एवं डॉक्टर पीयूष रंजन, डॉक्टर राजकुमार प्रजापति को सम्मानित किया गया। फूलों झानो मेडिकल कॉलेज और फुल झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी कुछ डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

## प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता-2024

# दुमका ने गोड्डा को 04 - 00 से मात देकर जीता बालिका वर्ग का खिताब



दुमका।

दुमका के कमरदुधानी स्थित आउटडोर स्टेडियम में सोमवार से आरंभ हुए प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता के अंतर्गत फाइनल मुकाबले में दुमका ने एक तरफा मुकाबले में गोड्डा को 04- 00 से शिकस्त देकर इस वर्ष का खिताब जीत लिया। राज्य स्तर पर होने वाले सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता में दुमका की टीम संथाल परगना प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करेगी।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दुमका ने जामताड़ा को 4-0 से परास्त कर फाइनल में पहुंची। पहले हाफ में दुमका ने 02-00 की बढ़त कायम की थी,जबकि दो अन्य गोल दूसरे हाथ में किये थे। दूसरे सेमीफाइनल में गोड्डा ने साहेबगंज को 03-00 से मात देकर फाइनल का टिकट लिया था।

ग्रुप चरण के मुकाबले में दुमका ने एकतरफा मुकाबले में पाकुड़ की टीम को 06- 00 से परास्त कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी,जबकि गोड्डा ने भी देवघर को एक तरफा मुकाबले में 04-00 से परास्त कर सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई थी।

टाइब्रेकर तक चले मुकाबले में साहेबगंज को 02-01 से परास्त कर जामताड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को झारखण्ड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ सुमंत कुमार,क्षेत्र प्रबंधक सूरज पांडे ने खूबसूरत कप, प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि दुमका के जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष हेंब्रम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा फुटबॉल में किक मारकर खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए औपचारिक रूप से खेल आरंभ करने की घोषणा की। अवसर पर कस्तूरबा विद्यालय जरमुंडी एवं मसलिया की छात्राओं ने शानदार बैंड बाजे की धुन के साथ पारंपरिक लोटा पानी से मुख्य अतिथि का स्वागत किया।अलसर पर सभी 6 जिलों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन मार्च पास्ट कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक मदन कुमार, शारीरिक शिक्षक ज्ञान प्रकाश ठाकुर,अमित कुमार, रिशु आनंद, कुलदीप सिंह पप्पू कुमार यादव, परितोष खान, मोइम अंसारी, असीम हेंब्रम, शिवराम सिमोन टुड्डू, जोसेफ मुर्मू, जूली किरण मुर्मू, रामानंद घोष, सुब्रतो घोष,सचिन कुमार, सृष्टिपद मंडल, प्रीतम मरांडी, संजीव कुमार सिंह, सुरंजन घोष, इंदु कुमारी, सुहागिन सोरेन हितेश कुमार साह, दीपांकर कुमार मंडल, मनीषा भारती संपद मंडल, मानवेंद्र कुमार, अलका कुमारी, राजेश कुमार, काजल हजरा, सुमित राय तथा अरका घोष आदि की भूमिका उल्लेखनीय रही।

न्यूज़ अपडेट

## बड़कागांव प्रखंड भीम आर्मी कमिटी का हुआ गठन अध्यक्ष बने रिकेश कुमार



**बड़कागांव ।** बड़कागांव अंबेडकर भवन बड़कागांव में भीम आर्मी की बैठक भीम आर्मी जिला अध्यक्ष एड.कृष्णा कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

जिसका संचालन अरुण अम्बेडकर किया। बैठक में भीम आर्मी को मजबूजी देने के लिए सर्वसम्मति बनाते हुए लोकतांत्रिक तरीके से प्रखण्ड के पदाधिकारियों की चयन कर जिम्मेदारी दी गयी। जिसमे सर्वसमिति से प्रखण्ड अध्यक्ष रिकेश कुमार,वरीय महासचिव जितेंद्र कुमार रवि, महासचिव पंकज कुमार दास, सचिव आकाश मेहरा, कोषाध्यक्ष राज कुमार एंव सुनील कुमार, प्रवक्ता अरुण अम्बेडकर,मीडिया प्रभारी रितिक रावण, उपाध्यक्ष राहुल कुमार रवि, बिलास कुमार, गोविंद राम,विक्की कुमार,अनूप राम,विकास कुमार,दीपक मेहरा,मिथलेश कुमार,चंदन कुमार,अविनाश आहूजा को बनाया गया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रीकेश कुमार ने कहा की पार्टी ने जो मुझे दायित्व सौंपा है मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करने का काम करूंगा। और भीम आर्मी को मजबूत करूंगा।

मौके पर जिला वरीय महासचिव महेश रंजन, सक्रिय सदस्य उमेश कुमार,केरेडारी प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पु कुमार दास, प्रवक्ता सादिक अंशारी, एंव भीम आर्मी के सैंकड़ो भीम प्रेमी उपस्थित हुएं।

## बरही भामाशाह शिशु विद्या मन्दिर का संकुल स्तरीय विषय प्रमुख बैठक संपन्न

- **वर्तमान सत्र में भैया बहनों को समुचित विकास की योजना बनाई गई**



**संवाददाता बरही।** बरही। भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में सोमवार संकुल स्तरीय विषय प्रमुख बैठक संपन्न हुआ। इस मौके पर कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर झुमरी तिलैया के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू, शिव तारा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर झुमरी तिलैया के प्रधानाचार्य अजय पाठक, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर जयनगर के प्रधानाचार्य संजय कुमार, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय का मार्गदर्शन सभी संकुल विषय प्रमुख आचार्यों को प्राप्त हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्या भारती की योजनाओं को राष्ट्र से क्षेत्र, प्रान्त, विभाग, संकुल के रास्ते विद्यालय स्तर तक पहुंचाना है। विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहनों का समुचित विकास का चिन्तन, मनन करना बैठक का मुख्य उद्देश्य है। विभिन्न विद्यालयों से आगत आचार्य भैया बहनों ने अपने विषयों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वर्तमान सत्र में भैया बहनों का समुचित विकास की योजना बनाई गई। बैठक की समाप्ति की घोषणा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

## बरही एसडीओ ने संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ किया बैठक



**संवाददाता बरही।** बरही प्रखंड सभागार में द्वितीय विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से सम्बंधित बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह -अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह -प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचल अधिकारी रामनारायण खलको, एवं बीएलओ, सुपरवाइजर एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि मृत, शिफ्टेड, जिनका एपिक कार्ड ना हो, जिनका पुराना लेमिनेटेड एपिक कार्ड, दोहरी प्रविष्टि वाले, ब्लैक एंड वाइट फोटो वाले मतदाताओं का सम्बंधित फॉर्म भरकर अग्रेतर करवाई की जाय।

## मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही, जलमग्न हुआ कच्चा मकान



**इचाक संवाददाता।** ईचाकः बरसात की पहली बारिश ने जहां एक तरफ किसानों के लिए किरण की आस जागी है । वहीं दूसरी तरफ कई लोगों को अचानक बारिश से परेशानी भी उठाना पड़ा है। ईचाक प्रखंड अंतर्गत कालाद्वार गांव में बीते रविवार की रात्रि मूसलाधार बारिश से गांव के ही विनोद रवानी के कच्चे मकान में बारिश की पानी घुस जाने से जलजमाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई । इस दौरान घर में रखें खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान पानी में भींग कर बर्बाद हो गए । इधर स्थानीय लोग के मदद से कई घंटे तक मोटर पाइप के मदद से पानी को बाहर निकल गया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सरकार के आवास योजना के लिए इन्होंने गुहार लगाई है लेकिन अभी तक प्रयास असफल रहे हैं। वर्षा होने के साथ ही इन परिवारों को काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। जहां एक तरफ बारिश होती है वहीं दूसरी तरफ घर के लोगों को कच्चे मकान के भीतर भी छतरी लगा कर बैठना पड़ता है। वही रात्रि घर के भीतर पानी प्रवेश कर जाने से लोग रतजगा करने को मजबूर हुए. परिवार वालों ने प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई हैं।

# आज से नये आपराधिक कानून हो गई लागू, पत्रकारों के साथ बैठक कर एसडीपीओ ने दी जानकारी

संवाददाता बरही।



**बरही।** संविधान में तीन कानून बदलाव के प्रति जागरूकता को लेकर बरही थाना परिसर में पत्रकारों के बीच एसडीपीओ सुरजीत कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, महिला थाना प्रभारी किरण कशयप उपस्थित थे। एसडीपीओ ने नए तीन अपराधिक कानून के बारे ताकि 'क जानकारी दिया। कहा कि एक जुलाई से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो गया है। पहले कानून दंड के आधार पर था पर अब न्याय के आधार पर कानून लागू हो गया है। आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। उन्होंने कहा कि नए कानूनो से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें जीरो एफआईआर, थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज, एसएमएस के जरिए समन भेजना जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रवधान शामिल होगें। भारतीय दंड संहिता में ओवरलैप धाराएं को आपस में विलय कर सरलकृत किया गया है।

आईपीसी 511 धाराएं थी लेकिन आईपीसी में धाराएं 358 कर दी गई है। जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी थाने में प्राथमिक की दर्ज करा सकते हैं। भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानून कार्रवाई शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा। वहीं उन्होंने बताया कि नए कानून में मॉब ब्लीचिंग कानून में भी परिवर्तन किया गया है। साथ ही लिंग भेद के कानून में परिवर्तन किया गया। जमीन विवाद मामले में कोई प्रॉब्लम प्रशासनिक पदाधिकारी को सूचित करना है। सत्यता की जांच के बाद प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। नए कानूनो के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया की सप्ताह में एक दिन जमीन विवाद निपटारा के लिए सीओ के साथ थाने में बैठक की जाएगी।

### आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम अंचल कार्यालय में 5 जुलाई को

## झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करेगी आजसू पार्टी : रोशनलाल चौधरी

बड़कागांव।



**बड़कागांव ।** आजसू पार्टी ने पूरे प्रदेश में वर्तमान जीएमएम और कांग्रेस सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी ने मोर्चा खोल रखा है ।पूरे प्रदेश में आजसू पार्टी ने सभी प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार और सरकार के शासन प्रशासन को झकझोर दिया है ।इसी क्रम में बड़कागांव आजसू पार्टी की प्रखंड कमेटी ने भी मोर्चा खोल दिया है और प्रखंड कमेटी के द्वारा 5 जुलाई को हल्ला बोल कार्यक्रम का भी आयोजन किया है ।जिसकी तैयारी हेतु आज बड़कागांव स्थित गुरुचट्टी के आवासीय कार्यालय में बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा तथा संचालन घनश्याम दांगी ने किया ।हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार,केंद्रीय सदस्य राजा खान ,कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाह ,जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा ,वीरेंद्र कुमार ,अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सब्बू खान, जावेद खान, तूलेश्वर महतो, अर्जुन कुमार, अरविंद कुमार, युवा अध्यक्ष नारायण प्रसाद, युवा सचिव पप्पू प्रसाद, अहमद राजा, योगेंद्र महतो ,दिनेश्वर महतो ,संतोष कुमार ,नंदकिशोर राणा, छोटू सोनी ,धर्मनाथ कुमार, सुनील कुमार ,मोहित कुमार ,अजीत कुमार ,अख्तर अंसारी ,राजेंद्र कुमार ,मुकेश कुमार ,रघुनाथ यादव ,मोहम्मद रफीक, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी के आवाहन पर केरेडारी मनरेगा कर्मी भी होंगे शामिल

**केरेडारी ।** केरेडारी : झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी संघ के तत्वाधान में 2 जुलाई को रांची में होने वाले सेवा स्थाई करण वेतन मांग की पूर्ति हेतु वादा निभाओ कार्यक्रम के तहत पदयात्रा और मुख्यमंत्री आवास घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है! उक्त कार्यक्रम के समर्थन में शामिल होने को लेकर केरेडारी मनरेगा कर्मी संघ ने केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर सामूहिक अवकाश की मांग की है! आवेदन में मनरेगा कर्मी संघ केरेडारी ने जिक्र किया है कि दो जुलाई को मनरेगा कर्मी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रांची जाएंगे इसके लिए सामूहिक अवकाश की मांग करते हैं! मांग करने वालों में बीपीओ सुमन शर्मा पुरन साव शशिकांत पाठक अनीश कुमार रवि निलेश कुमार अशोक कुमार समेत अन्य का नाम शामिल हैं!



अंचल अधिकारी का कार्यालय,केरेडारी (हजारीबाग)

ज्ञापांक 421 दिनांक 27.06.2024

आम सूचना

चट्टीबारियातु कोयला खनन परियोजना अंतर्गत कोयला ढुलाई परिवहन मार्ग के निर्माण एवं अन्य मामले से संबंधित उपायुक्त, महोदय, हजारीबाग की अध्यक्षता में दिनांक 20.06.2024 को बैठक का आयोजन किया गया था। उक्त बैठक में कोयला परिवहन मार्ग (जोरदाग/पचड़ा) निर्माण में आ रही समस्याओं का सहित अन्य मामला निराकरण करने हेतु निदेश दिया गया है।

अतः उक्त समस्या का निराकरण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सदर हजारीबाग की अध्यक्षता में दिनांक- 28.06.2024 को पूर्वा० 11:00 बजे प्रखण्ड सभागार, केरेडारी में बैठक का आयोजन किया गया है। किसी अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए अगली तिथि 01.07.2024 को निर्धारित की जाती है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

अंचल अधिकारी, केरेडारी

ज्ञापांक 421 दिनांक 27.06.2024

प्रतिलिपि :- माननीय सांसद/ माननीय सांसद प्रतिनिधि/माननीय विधायक/माननीय विधायक प्रतिनिधि केरेडारी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- जिला परिषद उत्तरी क्षेत्र प्रखण्ड, केरेडारी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- प्रखण्ड प्रमुख, केरेडारी, पंचायत समिति सदस्य पंचायत पचड़ा को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- मुखिया पचड़ा पंचायत को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- वार्ड सदस्य, ग्राम जोरदाग/पचड़ा को सूचनार्थ प्रेषित।

अंचल अधिकारी, केरेडारी

ज्ञापांक 421 दिनांक 27.06.2024

प्रतिलिपि :- अनुमंडल पदाधिकारी, सदर हजारीबाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- उपायुक्त, हजारीबाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

अंचल अधिकारी, केरेडारी

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

बरकट्ठा।



झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड क्षेत्र के पचफेड़ी में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड कमेटी को मजबूत करने एवं प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया बैठक में श्यामसुंदर पंडित को बेडोकला का मंत्री एवं सूर्यदेव पंडित को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। प्रखंड अध्यक्ष छात्रु पंडित ने कहा बरकट्ठा में पहला ऐलान प्रजापति भवन का हो निर्माण। इन्होंने कहा स्थानीय विधायक अमित यादव प्रजापति समाज को भवन बनाने के लिए और एक चापानल लगाने के लिए अपना अहम योगदान दिए हैं, इसके लिए हम सब प्रजापति समाज इन्हें धन्यवाद देते हैं ।साथ ही साथ झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड प्रजापति( कुम्हार) महासंघ की अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी अपनी ताकत झोंकते हुए राजनीतिक पृष्ठभूमि को तैयार कर झारखंड के कई विधानसभा सीटों पर कुम्हार महासंघ की दावेदारी के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई।

उक्त बैठक की अध्यक्षता बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष छत्रु पंडित एवं मंच संचालन महामंत्री सह पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित ने किया ।उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रजापति, संगठन मंत्री शिव प्रजापति, युवा समाजसेवी सह अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित, बरकट्ठा प्रखंड उपाध्यक्ष चेतलाल प्रजापति, प्रखंड कोषाध्यक्ष बसंत प्रजापति, प्रखंड महामंत्री राजकुमार पंडित, प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष वैजयंती देवी, समाजसेवी राजेश कुमार, झब्बू प्रजापति, चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति, एवं बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हुए सैकड़ो प्रजापति समाज के प्रबुद्ध स्वजाति लोग उपस्थित थे।

## बतौर थाना प्रभारी, राम नारायण सिंह की विष्णुगढ़ थाने में हुई वापसी




**विष्णुगढ़।** विगत डेढ़ महीने से बिना थाना प्रभारी के संचालित हो रहे विष्णुगढ़ थाने में सोमवार को बतौर थाना प्रभारी के रूप में आरक्षी निरीक्षक राम नारायण सिंह ने पदभार ग्रहण किया। बता दें, विष्णुगढ़ थाने कि कमान पूर्व में राम नारायण सिंह के हाथ में ही थी परन्तु बीते लोकसभा चुनाव के मतदान के पूर्व ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया था। उनके जाने के बाद से प्रभार विष्णुगढ़ थाने के एसआई को सौंपी गई थी। एक लंबे इंतजार के बाद थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करते हुए राम नारायण सिंह की विष्णुगढ़ थाने में वापसी हुई। इस दौरान पदभार ग्रहण करते हुए रमुआ सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में जा कर थाना प्रभारी ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आगमन पर थाना परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य लोगों के द्वारा उन्हें माला पहना कर एवं पुष्पगच्छ दे कर अभिनंदन किया गया। लोगों के द्वारा स्वागत में मिले स्नेह की सराहना करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि वह खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं, यहां की जनता ने उन्हें बहुत प्यार दिया। विष्णुगढ़ की जनता किसी भी स्थिति में सहयोग की भावना रखती है, जिससे न्याय व्यस्था बनी रहती है। इसी वजह से मुझे पुनः विष्णुगढ़ की धरती ने बुला लिया।

## बरही विधायक ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन

### 48 लाख रुपए की लागत से हुआ निर्माण कार्य, ग्रामीणों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा

संवाददाता बरही।



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा गांव में मंगलवार को करीब 48 लाख राशि से बना नव निर्मित सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला ने शिलान्यास का अनावरण कर एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र में यहां के ग्रामीण मरीजों को टीकाकरण से लेकर डिलिवरी व अन्य बीमारियों का इलाज घर के पास सुविधा मिल सकेगा। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को नियमित रूप से ओपीडी, एनसीडी, निशुल्क दवाइयां एवं डिलिवरी व परिवार कल्याण की सेवाएं मिलेंगी। साथ ही केंद्र में ही जन्म-मृत्यु के पंजीकरण का काम भी किया जाएगा। बाकी सभी नेशनल प्रोग्राम चलेगा। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी,गाजो यादव, मो रिजवान अली, मो वारिस,आनंद सिंह, छोटेलाल यादव, शमशेर आलम, ठोकेदार राजेंद्र मेहता एवं स्वास्थ्य कर्मी में सीएचओ पूर्णिमा गुरुंग, एएनएम निर्मला सिन्हा, बीपीएम नारायण राम,सुधांशु शेखर, सहिया साथी मालती बांडों,सहिया दीदी में सीमा तिग्गा, अंजना एक्का, मालती लकड़ा, किरण कुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। बता दें कि बरही अनुमंडल क्षेत्र में 16 उप स्वस्थ्य केंद्र में बरही प्रखंड क्षेत्र में तिलैया बस्ती, तेतरिया भंडारो, पडरिया, करियातपुर, बुंडू, गुड़ियों, पंचमाधो, कुंडवा, केवाल जीतपुर में दस उप स्वस्थ्य केंद्र बनाया गया है।

# थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बड़कागांव ।




बड़कागांवः प्लस टू उच्च विद्यालय हरली में बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के द्वारा नशा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तथा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को नशा के प्रति जागरूक किया गया।

सामुदायिक पुलिसिंग व नशा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ड्रग्स, अफीम, गांजा, बीड़ी, सिगरेट, शराब, सिलोशन एवं सीरिंज के नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को जागरूक किया गया। स्कूली बच्चों को नशे से दूर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व और अन्य लोगों को भी नशा के विरुद्ध जागरूक करने का सलाह दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा के नशा का विरोध संवैधानिक रूप से करना है। इसकी शुरुवात हमें अपने घर से करना है।

नशा मुक्ति से परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है, नशे से हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, आज के युवा पीढ़ी को नशा के गिरफ्त में जाने से रोका जा सकता है, आज के युवा ड्रग्स के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते हत्या लूट डकैती जैसे जनघन्य अपराध कर रहे हैं जिसको रोकना बहुत ही जरूरी है। एनडीपीएस एक्ट 1985 की भी जानकारी थाना प्रभारी के द्वारा छात्रों को दी । उन्होंने बताया के नशीले पदार्थो का व्यापार से लेकर सेवन तक कानून अपराध है। एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 साल के सजा से लेकर फांसी तक का प्रावधान भारत के कानून में है। इस लिए खुद भी नशे से बचना है और साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी नशा से बचाना है और यह हर एक सच्चे भारतीय का फर्ज है। भारत का हर बच्चा भारत का संपत्ति है, इस लिए इसे नशे से बचा के रखना है। थाना प्रभारी ने छात्रों से अपील किया के कहीं भी आपके आस पास ड्रग्स, ब्राउन शुगर का व्यापार हो तो इसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

अंत में समाजसेवी उमेश दांगी ने आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को जीवन भर नशीले पदार्थो से बचने के लिए सपथ दिलाया। मौके पर मुख्य रूप से एसआई सुदेश कुमार, एसआई प्रभात कुमार सिंह, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सिकेंद्र प्रसाद साहू सहित सैंकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### बोकारो पुलिस ने त्वरित करवाई कर डैकती कांड का किया उद्भेदन

- नावाडीह डकैती कांड में संलिप्त छह आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**बोकारो।** बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंजरडीह गांव निवासी शांति देवी के घर में 27 जून के मध्य रात्रि अपराधियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश के निर्देशानुसार बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठन कर नावाडीह थाना क्षेत्र के बिरनी, गुंजरडीह में छापामारी कर गुड्डू रवानी ,मिथुन कुमार महतो ,संजय कुमार कोडा उर्फ संजय मोदी तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ये तीनो अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयान के अनुसार रामगढ़ जिला के नई सराय , अरगड्डा गांव से अमन कुमार चौहान ,दुलारचंद कुमार उर्फ पांचू ,मिथुन करमाली बाकी तीन ओर अपराधियों को गिरफ्तार कर इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल ,काला ब्लू रंग का हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल ,लूटा गया मोबाइल ,एक मंगलसूत्र ,एक कान बाली ,लूटे गए गुल्लक का अवशेष ,घटना में प्रयुक्त लोहे का फाइटर पांच बरामद किया गया इस छापामारी दल में बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,बेरमो अंचल पुलिस निरीक्षक ,नावाडीह थाना प्रभारी, पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी,सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे ।उक्त बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने दी ।

### गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो ने दिखाई मानवता

- मृतक परिवार को संवेदक द्वारा दिलवाया मुआवजा
- राज्य सरकार से भी मुआवजा दिलवाने का भरोसा दिया



**गोमिया ।** झारखंड, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड अंतर्गत चुट्टे पंचायत के शास्त्रीनगर पहुंचे। रविवार को मुंबई से प्रवासी मजदूर संतोष कुमार का शव पहुंचने और उचित मुआवजा आदि मांग को लेकर शव को एंबुलेंस से नहीं उतारने को लेकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा सूचना पाकर वे पहुंचे , उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी दिवंगत के परिजनों से ली। उन्हें बताया गया कि मुंबई में शुक्रवार को संतोष की मौत हो गई थी। ठेका कंपनी के संवेदक द्वारा एंबुलेंस से शव भेजा गया लेकिन कोई मुआवजा नहीं भेजा। जिससे परिजनों और ग्रामीणों में रोष है। उचित मुआवजा की मांग को लेकर एंबुलेंस से शव अभी तक नहीं उतारा गया है। जानकारी लेने के बाद पूर्व विधायक ने ठेका कंपनी के संवेदक को फोन लगाकर खूब फटकार लगाई। जिसके बाद उचित मुआवजा दिलाया गया और एंबुलेंस से शव उतारा गया। उन्होंने विलाप कर रहे दिवंगत के परिजनों को यह भरोसा भी दिया है कि राज्य सरकार के प्रवासी मजदूरों को लेकर प्रावधान के तहत समुचित मुआवजा का भुगतान भी कराएंगे। उन्होंने संतोष कुमार की आकस्मिक मौत पर गहरी शोक संवेदना भी व्यक्त की एवं शोकाकुल परिजनों का ढांढस बंधाने का प्रयास किया।

### बैंक दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो ।** बैंक दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय, सेक्टर 4, के प्रांगण में बोकारो जेनरल अस्पताल के तत्वाधान मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने 20 यूनिट रक्त का रक्तदान किया. इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसिमीया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना, तथा खून की कमी से लोगों की जान न जाए, इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डा० सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है. उन्होंने कहा कि 18 साल से 60 साल के तक कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है. रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है. रक्तदान शिविर में बोकारो जेनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के डा० सुरेन्द्र कुमार, डॉ गौरव विशाल, एवं सहकर्मी रंजिता एक्का, सोनाली , अंकिता , मनीष पैट्रिक , एवं कौशल तथा काउन्सलर कविता कुमार उपस्थित रहे.

### चौकीदार सीधी भर्ती को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई समय सारणी

**रामगढ़।** विज्ञापन संख्या 01/2022 के अंतर्गत रामगढ़ जिले में चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी से लेकर परीक्षा परिणाम के संभावित तिथि तक की समय सारणी जारी कर दी गयी है।जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए समय सारणी के अनुसार चौकीदार सीधी भर्ती के तहत जो भी आवेदन पूर्व में प्राप्त हुए हैं उनका स्क्रुटनी का कार्य 1 जुलाई से 7 जुलाई तक किया जाएगा वहीं 8 जुलाई से 15 जुलाई तक अभ्यर्थी दावा आपत्ति दे सकेंगे। 21 जुलाई 2024 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता की जांच 28 जुलाई 2024 को की जाएगी परीक्षा फल प्रकाशन की तिथि 29 जुलाई 2024 संभावित है।

# हेमंत सरकार में ही होगा झारखंड का समुचित विकास :मंटू यादव

## भाजपा पार्टी के कुछ एजेंट झामुमो को बदनाम करने में तुले हुए है मंटू यादव ने सावधान रहने को कहा

**बोकारो।**

बोकारो विधानसभा के सुनता पंचायत डूंगरीगोड़ा मैदान में झामुमो का विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत मिलने पर न्यायपालिका के प्रति आभार प्रकट किया गया। उपस्थित लोगों ने एक स्वर से फिर से झारखंड की गद्दी पर हेमंत सोरेन को स्थापित करने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए बोकारो विधानसभा प्रभारी मंटू यादव ने कहा कि झारखंड का अगर कोई विकास कर सकता है तो वह हेमंत सोरेन ही कर सकते हैं। चूंकि गुरूजी हमेशा से मूलवासी व आदिवासी के लिए लड़ते रहे हैं। अब हमारे पार्टी के शेर मैदान में आ चुके हैं। एक-एक कार्यकर्ता को जुटने की जरूरत है। मंटु यादव ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सावधान किया कि कुछ भाजपा के एजेंट गांव-घर में घूम रहे हैं। जो कि पैसा भाजपा का लेकर और झामुमो के लोगों को तोड़ने का काम कर रहे हैं। यह बात आपलोग लोकसभा में देख चुके हैं। ऐसे लोगों को गांव में प्रवेश करने से रोके।मंटू यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो व दिशोम गुरू शिबू सोरेन से ज्यादा आदिवासी व मूलवासी की चिंता कोई नहीं कर सकता है। यादव ने कहा कि कुछ गांवों में बिजली की समस्या है। बिजली विभाग के अधिकारी सचेत हो जाए। जब सरकार दो सौ यूनिट बिजली फ्री कर चुकी है तो बिजली का बिली व छापेमारी क्यो हो रहा है। कम से कम गांव में 20 घंटा बिजली सुनिश्वित करे। गांव के बेरोजगार युवक, युवतियां झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का काम करें। यदि कोई काम के लिए घूस मांगे तो उसे गांव के पेड़ से बांधकर सीधे पुलिस के हवाले करें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य निशा हेंब्रम चास प्रखंड सचिव सुशांत मुंडा सुनता मुखिया छवि देवी मुखिय पती लालमोहन हेंब्रम उप मुखिया धीरेंद्र कुंभकार प्रथम हांसदा ज्योतिलाल सोरेन सोमरा मरांडी कामेश्वर किस्कू इंद्रदेव मांझी बाबूराम मुर्मू सुखराम मरांडी जागेश्वर हसदा सूर्य मरांडी हिमानी देवी रवि शंकर मांझी रोहन कुंभकार संजयोती देवी बेलोंजी देवी सरस्वती देवी जरामनी देवी उमेश किस्कू करमचंद किस्कू नूनीवाला देवी पशुपति देवी सोशल मीडिया राजू सिंह शंभू गुप्ता नंदलाल हंसदा दिलीप रजवार नारायण रजवार सुरेंद्रनाथ वास्के सोमरा हांसदा इत्यादि




# चिकित्सक जीवन दाता का रूप: बिनोद चोपड़ा

**चास ।**



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चास रोटरी क्लब की तरफ से नीलम नर्सिंग होम में चिकित्सकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सोमवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नर्सिंग होम में आयोजित सम्मान समारोह में किया गया।

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की जीवनदाता के रूप में समाज में चिकित्सकों का बहुमूल्य योगदान है। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा कि जिस तरह सीमा पर सैनिक हमारी रक्षा में लगे हैं, इसी तरह चिकित्सक भी समाज में मानव सेवा में लगे हैं। नीलम नर्सिंग होम के निर्देशक डॉ रतन केजरीवाल ने कहा की वर्तमान में चिकित्सक बेहद कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। डॉ केजरीवाल ने कहा कि चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं काफी बढ़ गई है और समाज को इस पर चिंतन करना चाहिए। डॉ आलोक झा ने चिकित्सकों को सम्मानित करने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा की। डॉ आलोक ने कहा कि इससे कार्य क्षमता बढ़ती है। डॉ परिंदा सिंह ने आज के दिन के महत्व पर प्रकाश डाला।

रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाने के लिए समाज को उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। मुकेश ने कहा कि रोटरी द्वारा इस तरह प्रोत्साहन के कार्यक्रम आगे भी आयोजित होते रहेंगे।

इस अवसर पर डॉ रतन केजरीवाल, डॉ मिथिलेश कुमार,डॉ के के सिन्हा, डॉ आलोक झा, डॉ रणवीर सिंह, डॉ सुजीत कुमार सिंह, डॉ अवनीश, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ पंकज कशयप, डॉ अंकिता रतन अग्रवाल, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ वरूणा झा, डॉ अमन श्रीवास्तव,डॉ अंजु परेरा को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ सुमन, डॉ पुष्पा, डॉ संजीव को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूजा बैद, डिंपल कौर, मंजीत सिंह, कुमार अमरदीप, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, ललिता चोपड़ा,रितु अग्रवाल, सिद्धार्थ पारख, पूनम अग्रवाल अर्चना सिंह,आनंद अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, हरबंस सिंह सलूजा, विपिन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, उषा कुमार,शैल रस्तोगी आदि मौजूद थे।

### गवाई नदी का पुल क्षतिग्रस्त, हादसे की संभावना

**निर्मल महाराज / चंदनकियारी ।** चंदनकियारी के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 218 में चंदनकियारी बरमसिया के बीच गवाई नदी पर बना पुल का खंभा क्षतिग्रस्त हो चूका है समय रहते विभाग के स्तर से यदि उक्त पुल की मरम्मति नहीं की जाएगी तो कभी भी बड़ी हादसा हो सकती है। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष देवाशिष मंडल,प्रखंड अध्यक्ष जलेश्वर दास पुल के क्षतिग्रस्त की सूचना मिलने पर गवाई नदी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस संबंध में मंडल ने बताया कि एनएच के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि गवाई नदी का क्षतिग्रस्त पुल और नया पुल दोनो पीडब्लूडी का है । हालांकि जब उक्त रोड को एनएच में परिवर्तन किया जा चूका है तो रोड एनएच का और पुल पीडब्लूडी में प्रतिदिन हजारों मालवाहक वाहन,सवारी वाहन उक्त पुल से होकर प्रतिदिन गुजर रहे हैं ।क्षतिग्रस्त पुल कभी भी धराशायी हो सकता है और हादसा हो सकता है। बिरसा पुल मरम्मति होने के कारण धनबाद से चंदनकियारी का संपर्क कट गया है प्रतिदिन लोग जान जोखिम में डालकर भोजूडीह,सुदामडीह के रास्ते डीगवाडीह,भौरा आने जाने का काम कर रहे हैं अब गवाई का पुल बंद होने से स्थिति काफी भयावह हो सकता है।



» दस साल से नया पुल बेकार साबित हो रहा है :

सबसे मजेदार बात है कि क्षतिग्रस्त पुल के बगल में करोड़ों की लागत से लगभग दस साल पहले से एक नया पुल बनकर तैयार है परंतु उक्त पुल से होकर अभी तक पीडब्लूडी विभाग गाड़ी नहीं चला पाया है । गाड़ी नहीं चलने का कारण है कि उक्त पुल का पहुंच पथ अभी तक नहीं बना है और पहुंच पथ के लिए जमीन अधिग्रहण की जरूरत है। जमीन अधिग्रहण के लिए विभाग की ओर से अंचल कार्यालय को कईबार पत्राचार किया गया परंतु अभीतक जमीन अधिग्रहण नहीं हो पाया और दोनो किनारे पहुंच पथ नहीं बना जिसके कारण पुल बेकार पड़ा हुआ है।

# देश में तीन नए अपराधिक कानून के लागू होने से अधिवक्ताओं की जिम्मेवारी बढ़ी है : गिरि

**बोकारो।**



बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने एक जुलाई से लागू हुए तीनों कानून के कानूनी पहलुओं पर विचार किया गया। ज्ञात हो कि पहली जुलाई से देश भर में पुराने अपराधिक कानूनों को समाप्त कर तीन नया कानून लाया गया है। जिसमे भारत न्याय संहिता, भारत नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्षय अधिनियम प्रभावी हो गया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर नए कानूनों के बारीकी पहलुओं पर परिचर्चा किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा की ब्रिटिश काल से चल रहे तीनों कानून को समाप्त कर दिया गया है। अब कोर्ट में नए कानून के तहत मुकदमा होंगे और उसी के तहत मुकदमा का निस्तारण भी किया जायेगा। एक जुलाई से सभी थानों में भारतीय दण्ड विधान के बदले भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा होंगे। अब किसी भी पीड़िता को न्याय के लिए यहां वहा भटकना नहीं पड़ेगा। अब सभी थानों में जीरो एफ आई आर की व्यवस्था किया गया है। अब न्यायलय में वीडियो के तहत गवाही और जेल में कार्य किया जायेगा। अब अधिवक्ताओं को नई कानून के तहत कोर्ट में मुकदमा की पैरवी करना पड़ेगा। इस कानून में कुछ कमियां भी है जिसे समय के अनुसार चेंज करने की जरूरत है। इस अवसर पर अधिवक्ता दिनेश शर्मा, अतुल कुमार, जवाहर प्रसाद, विनोद कुमार, बीरेंद्र चौहान, हसनैन आलम, वैशिका सहाय, दीपिका सिंह, बबिता कुमारी, दीप्ति सिंह, राज श्री, रीना कुमारी, रामावती कुमारी, संजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार, अरविंद महतो, पुरण महतो, संजय कुमार, संजय रजवार, अंकित ओझा ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर रंजन कुमार मिश्रा, फटिक चंद्र सिंह, ज्योति प्रकाश चौधरी, राणा प्रताप शर्मा, संजय कुमार प्रसाद, प्रीति श्रीवस्ताव समेत सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

### मिसाल महिला पंचायत सेवक ने अपने बेटे का जन्मदिन जरूरतमंद बच्चों के बीच में मनाया

**श्रम बिंदू संवादाता /शिबू रजक/धनबाद/कतरास ।** शिक्षा समाधान ट्रस्ट एक सामाजिक संस्था शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार 7 वर्षों से धनबाद जिला के अलग-अलग क्षेत्र में काम करते आ रही है।



कल दिनांक 1 जुलाई 2024 दिन सोमवार को भारती दीदी तोपचाची प्रखंड की (पंचायत सेवक) ने अपने बेटे शिवांश का जन्मदिन शिक्षा समाधान ट्रस्ट के है सभी सदस्यों के सहयोग से जरूरतमंद झोपड़पटियों के बच्चों के बीच में मनाया ।

सभी बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन खिलौने एवं नए-नए कपड़ो का वितरण किए।

इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद साव, सदस्य सूरज कुमार साव, महिला विंग की हेड जिम्मी कुमारी, अंकित कुमार, होलिका देवी, भारती देवी, अंजली कुमारी, इत्यादि लोग मौजूद थे।

वही संस्था के अध्यक्ष श्री साव ने कहा हम सभी अधिकारियों को महिला पंचायत सेवक से सीखने की जरूरत है।

# आरपीएफ हटिया ने 15 किलो गांजे को किया ज़ब्त

**संवाददाता।**



दिनांक 30.06.2024 को आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त श्री पवन कुमार द्वारा बनाई गई फ्लाइंग टीम ने आरपीएफ पोस्ट हटिया के साथ मिलकर ऑपरेशन नार्कोस के तहत प्लेटफॉर्म 03 पर हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान देखा कि दो व्यक्ती भारी बैग के साथ संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उनसे पूछने पर उन्होंने अपना नाम (।)सचिन कुमार उम्र 23 वर्ष पता पुरानपुर, थाना बारापुर, जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश तथा (।) अक्षित चौधरी उम्र 16 वर्ष पता अजितपुरदासी, थाना धर्मपूर, जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश बताया और यह खुलासा किया कि उनके पास बैग में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) है, तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, रांची श्री अशोक कुमार सिंह को दी गया' सूचना मिलने पर मौके पर उपस्थित हुए और आदेश के अनुसार उनकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई और सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद मौके पर उनके बैग की जांच की गई। जिसके दौरान मिले पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। इस मारिजुआना के पैकेटों का वजन 15.00 किग्रा, अनुमानित मूल्य 7,50,000 (सात लाख पचास हजार रुपये) पाया गया जिसके बारे मे वो लोग कोई कानूनी अधिकार प्रस्तुत करने में विफल रहे। चूंकि अवैध गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाना और लाभ के लिए अवैध रूप से इसकी बिक्री/तस्करी करना एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक संज्ञान अपराध है तो बरामद सामग्री को सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर द्वारा जब्त कर लिया गया। पूछे जाने पर उन लोगों ने बताया कि वे इसे संबलपुर उड़ीसा से लेकर हटिया पहुंचे उक्त मारिजुआना को अपने निजी लाभ के लिए ऊंची कीमत पर उत्तरप्रदेश में बेचा जाना था' सभी कानूनी औपचारिकताएं लागू करने के बाद हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों को जब्त सामग्री और अन्य वस्तुओं के साथ जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर नागरिक सुरक्षा के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**बोकारो ।**




अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर नागरिक सुरक्षा बोकारो के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर चास स्थित आकाश अस्पताल में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता तथा आकाश अस्पताल की निर्देशिका डॉक्टर पदमा एवं सिविल डिफेंस के डिवीजनल वार्डन शह राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ एसपी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में लगभग 450 रोगियों का इलाज किया गया। इलाज के सभी रोगियों को मुफ्त में दवा भी दी गई एवं जिनकी आवशयकता हुई उनका रक्त जांच भी किया गया।

शिविर में शहर के जाने-माने शिशु रोगी विशेषज्ञ डॉक्टर इमरान असगर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पदमा, हृदय एवं डायबिटीज के विशेषज्ञ डॉक्टर आकाश, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा, आकस्मिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टर निशांत कुमार एवं जनरल फिजिशियन डॉक्टर दिनेश तथा फार्मासिस्ट खुशबू ने रोगियों की जांच की एवं दवा का वितरण किया। गरीब लोगों के अलावा शिक्षित एवं प्रबुद्ध लोग भी लाभ उठाते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा जी ने शिविर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब लोगों के अलावा शिक्षित एवं प्रबुद्ध लोग भी लाभ उठाते हैं। उन्होंने उपस्थित रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर जीवन जीने के लिए स्वास्थ्य जांच जरूरी है । अनुमंडल पदाधिकारी चास सह उप नियंत्रक सिविल डिफेंस बोकारो ओम प्रकाश गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि नागरिक सुरक्षा के द्वारा जनहित में हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा बोकारो केवल आपदा -विपदा में ही नहीं बल्कि सामान्य समय में भी इस तरह का शिविर का आयोजन करता रहता है।प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ वर्मा ने बताया कि अगर आप समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाते रहें तो अचानक गंभीर बीमारी से निजात पा सकते हैं।कार्यक्रम में भगवती कॉलोनी के समाजसेवी भूपेंद्र सिंह ने सभी मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए रोगियों के लिए हर तरह का मदद करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के डॉक्टर करण कुमार, पोस्ट वार्डन रवि. जयप्रकाश जी मुकेश वर्मा. इंद्रजीत सिंह मिकी एवं एक्सिस बैंक चास के पदाधिकारी ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया।

न्यूज़ अपडेट

## स्कूल की व्यवस्था को लेकर प्रधानाध्यापक को फटकार



**निरसा।** मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी व स्कूल में कुव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर डीएसई के निर्देश पर बीईईओ सुमित्रा तिर्की सोमवार को जांच करने के लिए मध्य विद्यालय गलफरबाड़ी पहुंची। स्कूल में पेयजल, ग्राउंड, पढ़ाई की व्यवस्था देखकर नाराजगी जताई। प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षकों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों से पूछताछ की। बच्चों ने बीईईओ को बताया कि मध्याह्न भोजन में साग-भात दिया जाता है। देखा कि बच्चों के थाली से दाल गायब था। बताया कि कभी-कभी अंडा दिया जाता है। इसपर उन्होंने स्कूल की व्यवस्था में सुधार लाने की हिदायत दी। स्कूल व्यवस्था व मध्याह्न भोजन आदि में सुधार नहीं लाने पर कारवाई की बात कही। कहा कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारी को सौंपी जाएगी। मध्याह्न भोजन के लिए उपलब्ध अनाज की जानकारी ली। बीईईओ ने बताया कि गोपीनाथपुर पंचायत के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने स्कूल में कुव्यवस्था और मेनू के अनुसार बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलने की शिकायत डीएसई से किया। इसके आलोक में जांच की गई। मौके पर मुखिया बंदना देवी, पूर्व मुखिया रामदेव पासवान, वार्ड सदस्य प्रियंका सिंह, तमाल बाउरी आदि थे।

## मटकुरिया में विधायक राज सिन्हा ने 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण करा कर जनसेवा में किया समर्पित



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** सोमवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बैंक मोड़ मण्डल अंतर्गत मटकुरिया बस्ती में आँगनबाडी केंद्र से कपिल गोस्वामी के घर तक 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण करा कर जनसेवा में समर्पित किया। मौके पर ग्रामीणों के बच्चों के बीच विधायक राज सिन्हा ने अपने हाथों से मिठाई बाँटी। मौके पर भाजपा द्वार चलाये जा रहें एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत दर्जनों पौधारोपण किये गए। मौके पर बैंक मोड़ मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सोनू, जिला महामंत्री रवि सिन्हा, नीरज सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद, रोहित विश्वकर्मा, प्रेम श्रीवास्तव, सुनीता देवी, छबिला देवी, अनीता देवी, गीता देवी, कंचन देवी, मीरा देवी एवं दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

## अपराधियों ने छिनतई का विरोध करने पर अमरदीप को मारी थी गोली : एसएसपी,

- **प्रेस वार्ता कर एसएसपी एचपी जनार्दन ने दी विस्तृत जानकारी**



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** धनबाद के लॉ कॉलेज दामोदरपुर में विगत 21 जून को अमरदीप भगत की हत्या में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने अपने कार्यालय में एक जुलाई को प्रेस कांफ्रेंस आयोजन कर दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि लॉ कॉलेज के पास 21 जून को सूचना मिली कि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। उसकी मां की शिकायत पर एक टीम का गठन किया गया है जिसका नेतृत्व सिटी एसपी अजीत कुमार ने की जिसमें डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा धनबाद थाना प्रभारी बैंक मोड़ थाना प्रभारी शामिल थे। जांच के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि आकाश जे सी मल्लिक रोड के काली मंदिर के पास रहता है। जो इस कांड में शामिल है। उनके पास देसी कट्टा भी है। उनके घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया और उनके निशानदेही पर देसी कट्टा को भी बरामद की गई। पूछताछ पर कांड में शामिल अपने साथ चार साथियों का भी नाम बताया। पुलिस के अनुसार आकाश से पूछताछ पर उन्होंने बताया कि रात में छिनतई करने के लिए उस लड़का के साथ कांड किया था। लड़का जब विरोध किया तो गुस्से में आकर उसको मार दिया गया।आकाश के साथ संदीप मंडल, मुकेश कुमार, विष्णु कुमार सहित उसके पांच साथियों को गिरफ्तार किया।जिनके पास से एक देसी कट्टा और एक पिस्टल को बरामद किया गया।

## बीसीसीएल के मुख्यालय पर इनमोसा ने किया धरना - प्रदर्शन

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** सुपरवाइजरी स्टाफ की विभिन्न मांगों को लेकर इनमोसा के बैनर तले बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन के समक्ष एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन का आयोजन किया गया ।वहीं मिडिया को जानकारी देते हुए इनमोसा के उपमहामंत्री कुश कुमार सिंह ने कहा कि सुपरवाइजरी स्टाफ के चार्ज अलाउंस में बढ़ोतरी, सेंट्रल अस्पताल में माइनिंग सरदार व ओवरमैन को केबिन की सुविधा मुहैया कराने व कोल इंडिया की सभी समितियों में इनमोसा को शामिल करने की मांग काफी लंबे समय से किया जा रहा है। इसपर सकारात्मक पहल नहीं हो रही है इस कारण इनमोसा ने आंदोलन का निर्णय लिया है। धरना-प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सोमवार को संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कोयला भवन पहुंचे हैं। प्रवक्ता ने कहा बीसीसीएल हमारी मांगों को जल्द नहीं मानती तो इससे भी उग्र आंदोलन होगा।

## जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता मोहम्मद आबसार आलम ठाकुरगंज को अनुमंडल का दर्जा की मांग किया है

**किशनगंज।** किशनगंज सांसद डॉक्टर मोहम्मद जावेद आजाद की दूसरी बार संसदीय क्षेत्र किशनगंज से जीत पर दिल की गहराइयों से जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता अफसर आलम ने मुबारकबाद पेश करते हुए ठाकुरगंज को अनुमंडल का दर्जा के लिए मांग किया है। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी 1990 में एक साथ चार जिला जिसमें किशनगंज, कटिहार, अररिया और पूर्णिया को जिला का दर्जा दिया गया था। उस समय किशनगंज के सांसद प्रसिद्ध पत्रकार एम.जे. अकबर थे। जिला का घोषणा करने तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा की भी ऐतिहासिक रुईधासा भाषा मैदान में उपस्थित थी और घोषणा किया था। अधिवक्ता अफसर आलम ने मांग करते हुए सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद से कहा कि ठाकुरगंज को अनुमंडल का दर्जा की घोषणा हेतु बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आपकी उपस्थिति में किशनगंज को अनुमंडल का दर्जा का घोषणा करें। ज्ञात रहे कि किशनगंज जिला को छोड़कर सभी तीनों जिला में कई अनुमंडल बनाया गया है जबकि किशनगंज का ठाकुरगंज प्रखंड आबादी के लिहाज से बड़ा प्रखंड है। जिसे अनुमंडल का दर्जा देना अनिवार्य है वरना सरकार की उदासीनता माना जाएगा।

# झारखंड सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**




वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत धनबाद एवं झरिया प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने गोल्फ ग्राउंड से रणधीर वर्मा चौक तक मशाल जुलूस निकाल कर सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में नारे लगाये । कार्यक्रम के नेतृत्व संघ प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीक शेख, जिलाध्यक्ष अशोक चक्रवर्ती एवं मनोज राय कर रहे थे ।

प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीक शेख ने कहा कि सरकार के खिलाफ उलगुलान का 30 जुन हुल दिवस से शंखनादहो गया है ,अपने चीर - परीचीत पुराने आंदोलन की तरह धार देने के लिए ,शंकुल- प्रखंड में सहायक अध्यापक ( पारा शिक्षक ) की संकल्प सभा प्रारंभ होगी । 30 जून ह जिला मुख्यालयों मशाल जुलूस निकाल कर सरकार के प्रतिकार किया जा रहा है, वहीं मांगें पुरी नही होने से 20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा।

जिला महासचिव निलाम्बर रजवार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने सरकार बनने के तीन माह में वेतनमान देने वायदा सवा चार वर्षों में भी पूरा नहीं किया,

पिछले चार माह से राज्य में चंपई सोरेन जी की सरकार है, जो स्वयं को हेमंत पार्ट 2 कहते हैं लेकिन इसमें भी पारा शिक्षकों का कुछ काम नहीं हुआ,

जिला प्रधान सचिव रमेश सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में राज्य के 62 हजार पारा शिक्षक सरकार बनने के साढ़े चार वर्ष बीतने के बावजूद वेतनमान नहीं मिलने, ईपीएफ तथा अनुकंपा नहीं मिलने, आंदोलन के क्रम में रघुवर सरकार द्वारा किए गए केस वापसी नहीं होने सहित विभिन्न मांगों की पूर्ति नहीं होने हुआ।

### मांग

(1) वेतनमान एवं राज्यकर्मी का दर्जा ---- सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों के तर्ज पर वेतनमान (9300---34800 ) एवं बिहार राज्य के तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाय।

2- सहायक अध्यापको को कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ यथाशीघ्र दिया जाय।

3- झारखण्ड अधिविध परिषद राँची के हठधर्मिता के कारण आकलन परीक्षा के प्रश्नों के त्रुटिपूर्ण उत्तर के संशोधित परिणाम यथाशीघ्र जारी करने के साथ-साथ आकलन उत्तीर्णता के प्रमाण पत्र एवं द्वितीय आकलन परीक्षा आयोजित किया जाय। द्वितीय आकलन परीक्षा में ईडब्ल्यूएस एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार अंकों का अधिभार दिया जाए

(4) सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 में अंकित प्रावधानों के अनुरूप सहायक अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ सहायक अध्यापकों के आश्रितों को योग्यता अनुरूप लचीला किया जाय ।

(5) सहायक अध्यापकों के साथ सामाजिक न्याय करते हुए आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका की तरह सेवानिवृत्ति 65 वर्ष किया जाय .

6-बिहार सरकार के नियोजित शिक्षकों की तरह सीटेट एवं आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को टेट के समतुल्य लाभ दिया जाय।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से माधवी कुमारी झा, शहनाज प्रवीण, पुणम गुप्ता, पुनीता चौबे, सुनीता टुड्डू, सावित्री सोरेन, मनोज राय, रविन्द्र महतो, छोटन प्रसाद राम,बीरेन्द्र शर्मा,बसंत सिंह,दिनेश खरवार, मनोज साहनी, साजिद शेख, प्रीति कुमारी सिंह, नील कुमारी , इकबाल अंसारी, उद्देश्रवर राम ,वासुदेव महतो , ग्रीन्दर यादव, गोरखनाथ गुप्ता , आसीन मंडल, भागीरथ रवानी, उज्जवल मंडल, मानिक मंडल, मंटु मंडल, सुदीप मंडल, दिनेश महतो,अनिल राजवंशी, अजय गुप्ता,नंदलाल भुईया मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## विधायक पूर्णिमा नें माइंस रेस्क्यू एंड सेफ्टी टीम को सम्मानीत किया

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

धनसार ,माननीय सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सह झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने गत दिनों बीसीसीएल के ईस्ट भगतडीह 09 नंबर बंद सैकड़ों मीटर गहरी चानक से झरिया के लोअर चौथाई कुली (हरी मंदिर बाउरी मोहल्ला) निवासी कृष्णानंद साहनी के शव को निकलने वाले बीसीसीएल माइंस रेस्क्यू एंड सेफ्टी के महाप्रबंधक अरूण कुमार, टीम के सुप्रीटेंडेंट पीआर मुखोपाध्याय व अन्य सदस्यों को माइंस रेस्क्यू अधीक्षण कार्यालय धनसार में सम्मानित किया।



**सम्मानित होने वाले सदस्यों का नाम निम्नवत है :-**

1. सोमनाथ घोष
2. अशोक राम
3. राजेश कुमार
4. इसा अंसारी
5. कल्याण कुमार
6. रंजय कुमार सिंह
7. प्रदीप ओरांग
8. रवि शंकर कुमार
9. रंजीत मुखर्जी
10. कमलेश कुमार
11. देशराज प्रसाद
12. मोहन दास
13. मनोज कुमार बिंद
14. अमित कुमार सिंह
15. नसीब चौहान
16. किशोरी महतो
17. बोम्बेश सिंह
18. अमित कुमार
19. सीतेश्वर राय
20. शिव अवतार प्रसाद
21. अशोक कुमार वर्मा

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, अक्षय यादव, बबलू सिंह, मुन्ना सिंह, सुजीत , राजू राय, रमेश राम, रितेश सिंह, केसर यादव, भोला चौहान आदि मौजूद थे।

## गंभीर बीमारी से लड़ रहे पत्रकार दीपक से मिलने पहुंचे JMM जिला सचिव और बीसीकेयू संयुक्त महामंत्री



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** झरिया तिसरा निवासी व प्रभात खबर के पत्रकार 39 वर्षीय दीपक कुमार दुबे लिवर सिरोसिस जैसे गंभीर बीमारी से लड़ रहे हैं। उनके लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 40 लाख रुपए की जरूरत है। पीड़ित दीपक ने सभी से सहयोग करने की अपील किया है। वहीं इस दौरान पत्रकार दीपक के अस्वस्थ होने की सूचना मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव मन्नू आलम अपने समर्थकों के साथ उनके आवास मिलने पहुचें और हाल चाल जाना। और अपने स्तर से आर्थिक सहायता की। वहीं मन्नू आलम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी एवं आम लोगो, राजनीतिक व गैर राजनीतिक संगठनों से भी पत्रकार दीपक को सहयोग करने की अपील किया है। कहा कि आपके एक सहायता से किसी की अमूल्य जीवन व परिवार की खुशियों को हम बचा सकते हैं। उन्होने कहा कि लीवर ट्रांसपलांट होगा और जल्द ही पत्रकारिता में हमलोगों के बीच स्वस्थ होकर आएंगे और सेवा करेंगे। वहीं सुचना मिलते ही बीसीकेयू के सयुक्त महामंत्री मानस चटर्जी भी अपने कोलियरी के समर्थकों के साथ उनके आवास मिलने पर पहुचें। वहीं मानस चटर्जी ने कहा कि हमलोग पूरे कोलियरी के आसपास क्षेत्रों के सभी लोग उनके साथ खड़े है और इलाज कराके जल्द स्वस्थ कराएंगे। बीसीसीएल के सीएमडी से मिलेंगे और सहायता के लिए बात करेंगे। उनके साथ क्षेत्रीय सचिव तुलसी रवानी, तेजेंद्र वर्मा, राजेंद्र पासवान, सुभाष कुमार, राजाराम पासवान, अभिजीत हलधर, बनवारी शर्मा, छेदीलाल यादव, आदि थे।

कोई भी पत्रकार दीपक को उनके मोबाइल फोन पे नंबर 8651615727 या स्इक झरिया शाखा के खाता संख्या 31085260186, IFSC कोड SBIN0002951 पर सहायता राशि भेज सकते हैं।

मोके पर झामुमों प्रखंड उपाध्यक्ष निर्मल रजवार, आंदोलनकारी नेता ईश्वर मरांडी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र हेंब्रम, झामुमों चांदकुइयां पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, झामुमों यूनियन नेता हराधन मोदक, मथूर राय आदि लोग मौजूद थे ।

## धनबाद में स्कूल बस की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर

### मेमको मोड़ के पास हुई घटना, बिना हेलमेट के थे युवक

**संवाददाता।**

**धनबाद।** धनबाद शहर के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मेमको मोड़ नालंदा टॉकीज के समीप आठ लेन रिंग रोड पर सोमवार के दोपहर में स्कूल बस व एक बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार तीन युवक को गंभीर चोटें आई हैं। घायल सभी युवकों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायलों के इलाज चल रही है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों में बगुला बस्ती के आकाश मुर्मू, मोटू सिंह, भरत सिंह शामिल है। सभी घायलों के उम्र करीब 30 वर्ष है। बताया जाता है कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मेमको मोड़ नालंदा कॉटेज के समीप स्कूल बस की चपेट में आकर बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक बिना हेलमेट के थे और बाइक पर सवार होकर काफी तीव्र गति से मेमको मोड़ की ओर जा रहे थे। तभी अचानक दूसरी तरफ से आ रही स्कूल बस से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि नई फोर लेन रिंग रोड सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। पुलिस वाहन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है। देखने वाला कोई भी नहीं है। पता नहीं पुलिस कबतक लाश गिनती रहेगी।

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

- **पूर्व विधायक और पूर्व प्रत्याशी सहित शामिल हुए अन्य वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता**
- **रामगढ़ में कांग्रेश पार्टी फिर लहराएगा अपना परचमःममता देवी**

**रामगढ़।**



राँची रोड नईसराय स्थित माइंस रेस्क्यू हाल के प्रांगण में कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का बूथ सशक्तिकरण अभियान 2024 का आयोजन किया गया ।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यरूप से रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी,पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो,प्रदेश से वरिष्ठ नेता सीपी संतन,बलजीत सिंह बेदी,के अलावा,पंकज प्रसाद तिवारी,अमित कुमार महतो,चंदन प्रसाद,सहित अन्य वरीय नेता ने दीप प्रज्जलित कर उद्घाटन किया ।मौके पर मौजूद पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी नें कहा की कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य है की देश विकाश के पथ पर ले जाते हुए निरंतर सभी वर्गों के खुशहाली के लिए काम करना है ।उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम फहराने के लिए पूरी तरह तैयार रहें और जमीनी स्तर से बूथों को मजबूत करने का कार्य करें ।उन्होंने कहा की राज्य की सरकार द्वारा प्रदेश वासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई बड़ी बड़ी योजनाएं चलाई जा रही है जिसे जनता को जाकर बताने की जरूरत है ।उन्होंने कहा की हम लड़ने वालों में है ना की डरने वालों में पहले भी विधानसभा की जनता के लिए संघर्ष करती रहीं हूँ और आगे भी हरेक स्तिथि परिस्तिथि में जनता के साथ खड़ी रहूंगी ।वहीं पूर्व प्रत्यासी बजरंग महतो ने कहा की कांग्रेस पार्टी का एक एक सिपाही बूथ मजबूती के काम में तन मन से लग जाये जिससे हम विधानसभा में अपनी परचम लहरायेंगे ।मौके पर मुकेश यादव,रमेश रजक, रामसेवक बेदिया, चंद्रशेखर महतो, संजय महतो, मोहम्मद अब्बास, अजय करमाली, बसंत करमाली,रूपेश कुमार, पवन करमाली, गुलाब कुमार, कुलदीप करमाली, ज्ञानरंजन कुमार, रीना देवी, सीमा कुमारी, प्रिया कुमारी, गोपाल मुंडा, समसूद खान, मोहम्मद आशिफ इकबाल, रूबी देवी, बॉबी देवी, धर्मवीर दास, राहुल मुंडा, रिंकू बेदिया, प्रकाश यादव, शिव कुमार दांगी, खेमन महतो, महेश कुशवाहा, मुकेश यादव, तुलशी गोप, जीतेन्द्र कुमार, पवन केवट, प्रदीप कुमार महतो, संतोष कुमार, जियाउल्लाह अंसारी, टुनटुन, मोहम्मद असलन, लालदेव कुमार, छोटेलाल कुमार, दयानन्द महतो, जागेश्वर महतो, राजू राम, रमजान अली, मदन करमाली, लखन मुंडा, शयामलाल महतो, आनंद नायक, विकाश कुमार सिंह, राजू महतो, मुकेश कुमार, रामप्रसाद करमाली, प्रदीप महतो, मनोज कुमार, अमित महतो, मोहम्मद अकबर अंसारी, अमन मुंडा, रूपेश कुमार, अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अमित करमाली, मोहम्मद मुराद, हीरालाल महतो, राजू वर्मा, जगतपाल प्रसाद, पवन कुमार महतो, भोलाराम महतो, राकेश कुमार, त्रिभुवन महतो।

## अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने मनाया 74 वां स्थापना दिवस



**श्रमबिंदु/संवाददाता। निरसा।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने सोमवार को एलआईसी चिरकुंडा कार्यालय में 74 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यालय परिसर में झंडोतोलन किया गया। यूनियन के शाखा अध्यक्ष रामायण गुप्ता व सचिव जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि अखिल भारतीय बीमा संघ सबसे पुराना एवं कर्मचारियों के हितैषी के लिए संगठन है। लंबे समय से संघ कर्मचारियों के लिये कार्य कर रही है। तृतीय- चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने एवं सुविधाओं को लेकर शाखा प्रबंधक नीरज प्रसाद को मांग पत्र सौंपा। मौके पर अभिजीत राय,अरुण चटर्जी, नितेश विश्वकर्मा, मनीष शर्मा, नीलेश कुमार,अर्पिता दे, प्रबोध दास, षष्टी बाउरी, प्रदीप पंडित,तन्मय दास, विकास आदि थे।

# बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता ने 150 युवा- युवतियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**



बीसीसीएल द्वारा सोमवार को परमीत फाऊंडेशन कोलकाता के साथ मिलकर एक साझा ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया था। जिसमें ट्रेनिंग उपरांत 101 युवतियों और 49 युवाओं को ट्रेनिंग उपरांत रोजगार मुहैया कराया गया। यह प्रोग्राम कूल 960 घंटे का था। ट्रेनिंग उपरांत रतन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एस बी एक्सप्रेस कार्गो लिमिटेड, वाईब्रेंट इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड, आरोहा आविष्कार , कई फाइनेंशियल ग्रुप में युवाओं ने रोजगार प्राप्त किया। सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि आज काफी खुशी का समय है इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा करने वाले 100% लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। यह सारे बच्चे हमारे धनबाद के ही है ।सी एस आर के तहत ट्रेनिंग मद में 41 लाख 74 हजार खर्च किया गया है ।आगे सीएमडी ने कहा कि अभी 3 ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है, आने वाले दिनों में इसे 10 गुना किया जाएगा ताकि यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा इसका फायदा मिल सके। हमारा उद्देश्य प्रोजेक्ट अफेक्ट पीपुल को डायरेक्ट इसका फायदा पहुंचाया जा सके। हमारा उद्देश्य है कि यह बच्चे सिर्फ राज्य में नहीं पूरे देश में अपना नाम को रोशन करें। आने वाले समय में यहां पर कई और केंद्र खोले जाएंगे और उत्पादन कर पूरे देश में इसका मार्केटिंग कराया जाएगा ताकि बच्चे अपना बिजनेस कर सके। इसमें बीसीसीएल सबों को पूरा सहयोग करेगी ।उन्होंने आगे कहा की हम चाहते हैं कि हमारे देश का इकोनामी कम से कम 8% होना चाहिए ,ताकि दूसरे देशों के मुकाबले में हम आ सके ।वहीं बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता से मैं काफी मप्रसन्न हूं और आगे भी इस तरह का कार्यक्रम बीपीसीएल द्वारा होता रहेगा ताकि झारखंड और धनबाद के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मुहैया कराया जा सके। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इस तरह का कई कार्यक्रम किया गया है जिसमें हजारों बच्चे को इसका लाभ मिल चुका है और वह आज भी रोजगार कर रहे हैं ।वहीं चीफ जनरल मैनेजर पर्सनल और सी एस आर, विद्युत शाह ने कहा की बहुत ही खुशी की बात है कि 150 युवा युवतीयो को रोजगार मिला है जिसमें 101 युवतियों एवं 49 युवकों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर ने कहा था एक पुरुष को नौकरी मिलता है तो उसका विकास होता है मगर एक महिला को नौकरी मिलता है तो पूरे परिवार का विकास होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चीफ मैनेजर पर्सनल विद्युत शाह का काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।साथ ही परमीत फाउंडेशन के चीफ पेट्रोन प्रसनजीत कुंडू ने कहा की बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, डायरेक्ट पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया, जीएम सीएसआर विद्युत शाह का युवकों को नौकरी दिलाने की इस सफलता में उनका काफी योगदान है और उम्मीद करते हैं आगे भी वह इस तरह हम लोगों को सहयोग करते रहेंगे। कहा इसमें अभिषेक बैनर्जी का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान था।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com